▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 72
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

# दैनिक ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, शुक्रवार 25 सितम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611


## ब्रीफ न्यूज

### बालाघाट में जन्मे अभिनेता मुश्ताक खान का निधन



**मुंबई।** बालाघाट में जन्मे मशहूर अभिनेता मुश्ताक खान का गुरुवार को निधन हो गया। 67 वर्षीय मुश्ताक खान पिछले करीब 15 दिनों से मुंबई के नानावटी अस्पताल में भर्ती थे। वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। बीमारी दोबारा लौटने के बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई और हालत गंभीर हो गई थी। मुश्ताक खान का जन्म 31 दिसंबर 1959 को बालाघाट में हुआ था। बचपन से ही उन्हें अभिनय का शौक था और रामलीला में अभिनय से उन्होंने अपनी कला का सफर शुरू किया। कॉलेज के दौरान वे रंगमंच से जुड़े और कई नाटकों में काम किया। फिल्मों में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर पहचान बनाई।

### जंगली हाथी ने किसान को सूंड से उठाकर पटका



**छिंदवाड़ा।** कान्हा नेशनल पार्क से भटका जंगली हाथी करीब एक महीने से छिंदवाड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। बुधवार रात और गुरुवार सुबह बम्हनी गांव में हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। उसने दो किसानों के खेतों में घुसकर फसल रौंद दी। इसी दौरान खेत में पहुंचे 70 वर्षीय किसान रामप्रसाद कहार पर हाथी ने हमला कर दिया। हाथी ने किसान को सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा रेफर किया गया। ग्रामीणों के अनुसार हाथी पिछले एक महीने से कभी जंगल तो कभी खेतों के आसपास दिखाई दे रहा है।

### तीन विश्वविद्यालयों में कुलगुरु नियुक्त

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को आदेश जारी कर राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में डॉ. भगवती प्रसाद सारस्वत को, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में डॉ. युद्धवीर सिंह को तथा महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में प्रो. नरसी राम विश्नोई को कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। राज्य सरकार के परामर्श से कुलगुरु पद पर नियुक्तियां की गई।

### » अंदर विशेष


▪ पूर्व सरपंच को हनीट्रैप में फंसाने वाली महिला थाने से भागी, पकड़ी गई ...पढ़े पेज 3 पर

▪ 1.83 लाख के जाली नोटों के साथ युवक पकड़ा, बोलेरो कैंपर जब्त ...पढ़े पेज 4 पर


ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क कर रही कांग्रेस

चुनाव आयोग में आयुक्तों में टकराव पर राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# जहां लोकतंत्र नहीं, वहां एंटी इन्कंबेंसी नहीं ज्ञानेश देशद्रोही, उन्हें सरकार ही 'बचा' रही

*कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जेन जी को वोटर लिस्ट से बाहर रखने का प्रयास किया जा रहा है क्योंकि इस वर्ग में सरकार को लेकर भारी असंतोष*

### भाजपा ने कहा- राहुल को राजनीति की समझ नहीं

भाजपा ने कहा- राहुल भारतीय राजनीति के इतिहास और अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस के सत्ता में रहने के रिकॉर्ड को ठीक से नहीं समझते

**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग में मतभेद संबंधी रिपोर्ट सामने आने के बाद विपक्षी दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। गुरुवार शाम को राहुल गांधी ने भी ज्ञानेश कुमार से इस्तीफे की मांग की। इस दौरान उन्होंने ज्ञानेश कुमार को सरकारी गवाह बन जाने की सलाह दी।


ज्ञानेश कुमार

राहुल ने कहा कि अभी तक कांग्रेस जो कह रही थी, वही अब दो चुनाव आयुक्तों ने भी कहा है।

ज्ञानेश कुमार ने देश के खिलाफ काम किया है। इसी दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भूमिका की जांच की मांग भी की।

### राहुल ने मांगा ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा



राहुल गांधी

### भाजपा लगातार कैसे जीत रही है चुनाव?

राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत अमित शाह और नरेंद्र मोदी के भाषणों के उस ऑडियो से की, जिनमें वे लंबे समय तक भाजपा के सत्ता में रहने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा लगातार चुनाव कैसे जीत रही है। हर पार्टी का उतार-चढ़ाव आता है लेकिन भाजपा के साथ ऐसा नहीं हो रहा है। ये लगातार जीतते जाते हैं। गुजरात और एमपी में नॉन स्टॉप सरकार चले जा रही है। हरियाणा में एंटी इन्कंबेंसी गायब हो गई।

### सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी कांग्रेस

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ गुरुवार को महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क किया है। विपक्षी दल संसद के दोनों सदनों में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस पेश करेंगे। इसे अगले दो हफ्तों के भीतर पेश किया जाएगा। इसके अलावा, कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाइयों को निर्देश दिया है कि वे 25 सितंबर को प्रदर्शन कर विरोध जताएं।

### सीईसी के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का ऐलान

#### ज्ञानेश कुमार का 48 घंटे में इस्तीफा नहीं तो जंतर मंतर 2.0 शुरू होगा



कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का ऐलान कर दिया है। सीजेपी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने गुरुवार को दिल्ली में घोषणा की कि यदि ज्ञानेश कुमार ने 48 घंटों में इस्तीफा नहीं दिया तो पूरे देश में चुनाव आयोग के खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी। इसके बाद दिल्ली में जंतर-मंतर 2.0 भी चलाया जाएगा। सीजेपी ने चुनाव आयोग और सरकार के सामने तीन मांगें रखीं हैं।

सीजेपी के राष्ट्रीय संयोजक अभिजीत दीपके और दो सह संयोजक सौरभ दास-आशुतोष रांका ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ज्ञानेश कुमार, भाजपा, केंद्र सरकार और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट पर भी प्रहार किया।

राहुल गांधी के आरोप पर भाजपा का पलटवार

## कांग्रेस अब संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की कोशिश कर रही

आज चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ी है सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल होता है और स्वतंत्र मीडिया भी मौजूद: त्रिवेदी



**नई दिल्ली**

भाजपा ने चुनावी व्यवस्था और एंटी-इन्कंबेंसी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की समझ पर सवाल खड़े किए हैं। राहुल ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाए तो भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके द्वारा पेश की गई जानकारी का स्रोत और आधार स्पष्ट नहीं है। त्रिवेदी ने राहुल गांधी के राजनीतिक ज्ञान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति के इतिहास और अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस के सत्ता में रहने के रिकॉर्ड को ठीक से नहीं समझते।

त्रिवेदी ने राहुल के आरोपों को एक हताश नेता की झूठी गूंज करार देते हुए कहा कि हार की बौखलाहट में कांग्रेस पार्टी अब लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की नाकाम कोशिश कर रही है। उन्होंने राहुल गांधी के उस दावे को राजनीतिक अज्ञानता का प्रतीक बताया, जिसमें उन्होंने कहा था कि एंटी इनकंबेंसी एक स्थापित सच है और यह भाजपा के आने के बाद बेअसर हुई है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एंटी-इन्कंबेंसी का इतिहास कांग्रेस के संदर्भ में रहा है।

### तब मतपेटियों की लूट और हिंसा होती थी

त्रिवेदी ने कहा कि तमिलनाडु में 1967 के बाद से कांग्रेस सत्ता में नहीं आई है। उस समय भारतीय जनता पार्टी का अस्तित्व भी नहीं था। पश्चिम बंगाल में 1977 के बाद कांग्रेस सरकार नहीं बनी। 1977 में राज्य में लेफ्ट फ्रंट सत्ता में आया और लंबे समय तक शासन किया। उन्होंने बिहार, उत्तर प्रदेश और ओडिशा का भी उदाहरण देते हुए कहा कि इन राज्यों में भी लंबे समय से कांग्रेस सत्ता से बाहर रही है। त्रिवेदी ने कहा कि एक समय चुनाव प्रक्रिया में कई तरह की अनियमितताओं की खबरें सामने आती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौर में बूथ कैप्चरिंग, मतपेटियों की लूट और हिंसा जैसी घटनाएं होती थीं। उन्होंने कहा कि आज चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ी है, सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल होता है और स्वतंत्र मीडिया भी मौजूद है। भाजपा नेता ने दावा किया कि ऐसी व्यवस्था आने के बाद कांग्रेस के लिए सत्ता में वापस आना मुश्किल हुआ है।

# नोएडा में चलती स्लीपर बस में आग, 9 जिंदा जले

### बस दिल्ली के कश्मीरी गेट से रात 9:30 बजे महोबा के लिए निकली थी, 11:30 बजे जेवर एयरपोर्ट से 500 मीटर आगे आग लगी

**नोएडा।** नोएडा में बुधवार रात यमुना एक्सप्रेस-वे पर चलती स्लीपर AC बस में आग लगने से 9 यात्रियों की मौत हो गई। इनमें 8 पुरुष और एक महिला है। बस में कुल 35 यात्री सवार थे। 20 को रेस्क्यू किया गया, जबकि कुछ लोग खिड़कियां तोड़कर निकले। अंदर फंसे लोग बुरी तरह जल गए। उनके शव तक की पहचान नहीं हो पाई। बस दिल्ली के कश्मीरी गेट से रात 9:30 बजे महोबा के लिए निकली थी। करीब 11:30 बजे जेवर एयरपोर्ट से 500 मीटर आगे इसमें आग लग गई।



**पैसेंजर बोले- ड्राइवर-क्लीनर सिगरेट पी रहे थे:** बस में सफर कर रहे सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर-क्लीनर सिगरेट पी रहे थे। यात्रियों ने विरोध किया तो दोनों हंसने लगे। बस में जलने की गंध भी आ रही थी, कुछ देर बाद उसमें आग लग गई। आग के बावजूद ड्राइवर ने तुरंत बस नहीं रोकी। यात्रियों के शीशे तोड़ने के बाद ही उसे रोका गया। पुलिस ने बताया कि बस मध्य प्रदेश के राज कल्पना ट्रैवल्स की है। इसके 19 चालान हो चुके हैं और ₹1.75 लाख जुर्माना लगाया गया है। पुलिस ने दो ड्राइवर पवन, विनोद और कंडक्टर योगेश को गिरफ्तार किया है।

#### बस का पिछला हिस्सा काटकर पहुंचे फायर फाइटर्स

फायर ऑफिसर ने बताया कि फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों ने 45 मिनट में आग बुझाई। फायर फाइटर्स बस का पिछला हिस्सा काटकर अंदर पहुंचे, तब एक-एक करके शव बाहर निकाले गए। रेस्क्यू करीब 2 घंटे चला। शुरुआती जांच में AC में ब्लास्ट से आग लगने की आशंका नोएडा के चीफ फायर ऑफिसर (CFO) प्रदीप कुमार के मुताबिक शुरुआती जांच में AC में स्पार्क या ब्लास्ट से इंजन में आग लगने की आशंका है।



### चक्रवात अर्नब से ओडिशा-आंध्र प्रदेश में भारी बारिश



**ओडिशा।** बंगाल की खाड़ी से बना अर्नब चक्रवात उत्तर आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तट से देर रात 11 से 1 बजे के बीच टकरा गया। इसके असर से दोनों राज्यों के तटीय जिलों में भारी बारिश हो रही है। दक्षिण ओडिशा के 10 जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। करीब 5 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। मलकानगिरी में चार पुल डूब जाने से ट्रैफिक बंद हो गया है।

सुरक्षा कारणों से नेशनल हाईवे भी बंद कर दिया गया है। तूफानी हवाओं से भद्रक में मछुआरों की 10 नावें डूब गईं और दर्जनों क्षतिग्रस्त हो गईं। आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के कलिंगपट्टनम के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ 75 किमी प्रति घंटे तक की हवाएं चलीं। विजयवाड़ा में निचले इलाकों में पानी भर गया है। शहर के कई स्कूलों में लगातार दूसरे दिन छुट्टी कर दी गई है। मछुआरों से शुक्रवार सुबह तक समुद्र में न जाने की अपील की। पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश का हो रही है।

## एशियन गेम्स; 5वें दिन भारतीय खिलाड़ियों को 5 मेडल



सिल्वर जीतने के बाद बाएं से टीएस मनु, एमआर पूवम्मा, विथ्या रामराज और टीके विशाल जश्न मनाते हुए।

**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स के पांचवें दिन भारत ने 5 पदक जीते। इनमें दो सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज शामिल हैं। 4गुणा 400 मीटर मिक्स्ड रिले में मनु टीएस, पूवम्मा एमआर, विशाल टीके और विथ्या रामराज की टीम ने 3:14.46 के समय के साथ सिल्वर हासिल किया। महिलाओं की 10 हजार मीटर दौड़ में सीमा कुमारी ने 32:50.05 के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। इस स्पर्धा में 2010 के बाद एशियन गेम्स में भारत का यह पहला पदक है। शूटिंग के मिक्स्ड स्कीट में अनंतजीत सिंह नारूका और परिनाज धालीवाल की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों की डबल स्कल्स रोइंग में सतनाम सिंह और सलमान ▸▸ शेष पेज 04 पर

## पंचायत चुनाव: राजस्थान में 7200 महिला सरपंच बनेंगी

### चार जिलों के सभी 1253 पद एसटी के लिए रिजर्व

**जयपुर।** राजस्थान की 14403 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों की गुरुवार को आरक्षण लॉटरी निकली। प्रदेश भर में उपखंड मुख्यालयों पर हुई लॉटरी से सरपंचों के 14403 और वार्ड पंचों के 1,30,584 पदों के लिए आरक्षण तय किए गए। प्रदेश में 7200 महिला सरपंच और 65 हजार महिला वार्ड पंच बनेंगी।

सरपंचों में एसटी के 3058, एससी के 2493 और ओबीसी के लिए 1961 पद आरक्षित है। वार्ड पंचों के 1.30 लाख पदों में से 21,962 वार्ड एससी, 19117 एसटी और 15 हजार वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित किए हैं।

4 जिलों बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ, सलूंबर में सरपंच के सभी 1253 पद एसटी के लिए रिजर्व है। बांसवाड़ा में सरपंच के 327, डूंगरपुर में 442, सलूंबर में 207, प्रतापगढ़ में 277 पद है। बाड़मेर पंचायत समिति के सरपंच चुनाव के लिए निकाली गई लॉटरी में गलती हो गई। कपूरड़ी ग्राम पंचायत को एससी रिजर्व में डालने पर जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति दर्ज करवाई।

### कहा- MDR न टैक्स है, न सेस और न ही सरचार्ज

# सरकार बोली- UPI पर लगने वाला शुल्क 4 हिस्सों में बंटेगा: ये पैसा खजाने में नहीं जाएगा; फिर दोहराया- कस्टमर चार्ज नहीं देगा

**नई दिल्ली**

2,000 रुपए से ज्यादा के UPI पेमेंट पर लगने वाला 0.4% शुल्क यानी MDR ग्राहकों से नहीं लिया जाएगा। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, MDR का एक भी पैसा सरकारी खजाने में नहीं जाएगा। यह रकम UPI सिस्टम से जुड़े बैंकों और दूसरी संस्थाओं में बांटी जाएगी। सरकार ने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के उस आरोप को खारिज किया, जिसमें MDR को ग्राहकों पर लगाया जाने वाला टैक्स बताया गया था। सूत्रों ने कहा कि MDR न टैक्स है, न सेस और न ही सरचार्ज। कुल MDR में से 40% रकम ग्राहकों के बैंकों को मिलेगी। 30% पेमेंट गेटवे, 20% UPI ऐप और बाकी 10% रकम UPI ऐप के प्रायोजक बैंक को मिलेगी।

देशभर में व्यापारी और दुकानदार 2 अक्टूबर को UPI से पेमेंट नहीं लेंगे। सरकार के ₹2000 से ज्यादा के ट्रांजैक्शन पर 0.4% चार्ज के विरोध में व्यापारी संगठनों ने इस दिन नो UPI डे मनाने का ऐलान किया है। इस दिन व्यापारी अपनी दुकानों पर लगे UPI QR कोड, स्कैनर, साउंड बॉक्स और अन्य डिजिटल पेमेंट डिवाइसेस को काले कपड़े से ढककर विरोध जताएंगे। व्यापारियों की सरकार से 15 अक्टूबर से लागू होने जा रहे चार्ज को हटाने की मांग है। महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर (MACCIA) के अध्यक्ष रवींद्र मंगवे ने बताया कि यह आंदोलन सिर्फ महाराष्ट्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देशभर के 500 से ज्यादा प्रमुख व्यापारी संगठन इसमें हिस्सा लेंगे।

रिटेल व्यापारी और डिस्ट्रीब्यूटर कम मार्जिन पर काम करते हैं। डिजिटल लेनदेन पर अतिरिक्त चार्ज थोपने से लागत बढ़ेगी। डिजिटल पेमेंट का उद्देश्य प्रोसेस को आसान बनाने के लिए होना चाहिए, व्यापारियों पर बोझ डालना के लिए नहीं। UPI से कैश का चलन घटा है। व्यापारी सिस्टम को पारदर्शी बनाने में सहयोग कर रहे, तो उन पर शुल्क लगाना सही नहीं। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के बजाय व्यापारियों पर चार्ज लगाना सजा देने जैसा है। सरकार ने इस फैसले पर फिर विचार नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### व्यापारियों पर UPI के नए एमडीआर नियम

**बड़े व्यापारियों पर 0.4% चार्ज:** महीने में 1 लाख से ज्यादा कमाने वाले व्यापारियों (पर्सन-टू-मर्चेंट) को 2,000 से ज्यादा के हर पेमेंट लेने पर 0.4% MDR+GST देना होगा।

**छोटे व्यापारियों को राहत:** जिन व्यापारियों की महीने में UPI से कुल कमाई 1 लाख तक है, उन पर कोई चार्ज नहीं लगेगा, चाहे ट्रांजैक्शन 2,000 से ज्यादा ही क्यों न हो।

### समस्तीपुर में लड़की से बदसलूकी:युवकों ने नाबालिग को घसीटा

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर में भी जमुई जैसी छेड़छाड़ की घटना हुई है। सड़क पर कुछ लड़कों ने एक नाबालिग लड़की के साथ बदसलूकी की, जिसका वीडियो 21 सितंबर से वायरल है। लड़की युवकों से बार-बार छोड़ने के लिए कहती है, लेकिन युवकों ने बीच सड़क उसका हाथ पकड़ा, विरोध करने पर पीटने की कोशिश की, बाल खींचे और दूसरी तरफ ले गए। घटना 15 सितंबर की है। समस्तीपुर पुलिस को इसकी जानकारी 23 सितंबर की रात करीब साढ़े 10 बजे मिली। पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि जमुई या समस्तीपुर हो, इस तरह की घटनाओं की रील बनाना एक साजिश है।

## जिनपिंग बोले- अमेरिका और चीन में रेस हो, रेसलिंग नहीं

**वॉशिंगटन डीसी।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक खत्म हो गई है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और चीन दोस्त हैं और दोनों देशों के हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों के लिए मिलकर काम करना फायदेमंद है, जबकि टकराव से दोनों को नुकसान होगा। चीनी राष्ट्रपति ने कहा, अमेरिका चीन के बीच रेस हो, रेसलिंग नहीं। दोनों देशों की कोशिश एक-दूसरे से आगे निकलने की होनी चाहिए, न कि ऐसी लड़ाई की जिसमें एक की जीत और दूसरे की हार हो। बैठक के बाद ट्रम्प ने इसे 'बहुत अच्छी बैठक' बताया, हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।



**कोर्ट के आदेश के बाद पत्रकारों को एंट्री मिली:** पत्रकारों को करीब 12 बजे (अमेरिकी समय के मुताबिक) व्हाइट हाउस में दोबारा एंट्री मिल गई। इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने कोर्ट के आदेश के बावजूद उन्हें अंदर जाने से रोक दिया था। कोर्ट ने 23 सितंबर की रात करीब 1 बजे आदेश देकर इन पत्रकारों को व्हाइट हाउस में एंट्री देने को कहा था। 24 सितंबर की सुबह पत्रकारों को रोका गया।

## सरदारशहर एसडीएम बोले- मामले की जांच मैं स्वयं करूंगा

# वकीलों ने SDM कार्यालय घेरा, रीडर भोजक को भानीपुरा भेजा



**जूम न्यूज़ • सरदारशहर**

SDM कार्यालय में रीडर संदीप भोजक को लेकर चल रहा विवाद गुरुवार को फिर गरमा गया। मंगलवार को SDM कोर्ट के सामने अधिवक्ता दलीप सिंह पंवार द्वारा पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह के प्रयास की घटना के बाद गुरुवार को अधिवक्ताओं ने SDM कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की और कोर्ट परिसर में बैठ गए। अधिवक्ताओं ने रीडर को तत्काल हटाने और पूरे मामले की जांच की मांग की। घटना के समय SDM महिपाल सिंह राजावत पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों की लॉटरी प्रक्रिया में गए हुए थे। सूचना मिलते ही वे कार्यालय पहुंचे और अधिवक्ताओं से वार्ता की। अधिवक्ताओं ने रीडर को हटाने और निष्पक्ष जांच की मांग रखी। इस पर SDM ने कहा, *"मैं इस मामले की जांच स्वयं करूंगा।"* इसके बाद संदीप भोजक को भानीपुरा भेजे जाने की जानकारी सामने आई।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सिंह राजपुरोहित ने पुराने SDM की कोर्ट और कथित बैक डेट के आदेशों को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कुछ फाइलों के जयपुर भेजे जाने तथा बैक डेट में आदेश किए जाने के आरोप लगाए। साथ ही भ्रष्टाचार और अधिवक्ताओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अधिवक्ताओं ने पिछले आंदोलन और हड़ताल के दौरान अनुपस्थिति के आधार पर खारिज की गई फाइलों को नियमानुसार रिस्टोर करने की मांग भी रखी। उनका कहना था कि आंदोलन के कारण जिन पक्षकारों के मामलों में प्रतिकूल आदेश हुए, उन्हें दोबारा सुनवाई का अवसर मिलना चाहिए। SDM ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

गौरतलब है कि रीडर भोजक को हटाने की मांग को लेकर अधिवक्ता पहले भी 11 दिन तक अनिश्चितकालीन धरना दे चुके हैं। उस दौरान SDM कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन किया गया था। विवाद के बाद संदीप भोजक को पहले अवकाश पर भेजा गया और बाद में APO किया गया था। अब मंगलवार की घटना के बाद गुरुवार को हुए प्रदर्शन और रीडर को भानीपुरा भेजे जाने से मामला फिर चर्चा में है।

## ब्रीफ न्यूज

### ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ अनिता टाक ने संभाला सभापति का पदभार



**जूम न्यूज़ • सरदारशहर**

नगर परिषद की नवनिर्वाचित सभापति अनिता सैनी टाक ने गुरुवार शाम 5 बजे विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह को लेकर नगर परिषद परिसर में उत्साह का माहौल रहा। सभापति के पहुंचने पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों एवं गाजे-बाजे के साथ उनका स्वागत किया। समारोह में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पूर्व विधायक अशोक पींचा, पूर्व सभापति राजकरण चौधरी, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित सहित नगर परिषद के पार्षद मौजूद रहे। समर्थकों ने अनिता टाक का फूल-मालाओं से स्वागत किया। पदभार संभालने के बाद सभापति अनिता टाक ने नगर परिषद के कामकाज की जिम्मेदारी संभाली। उनके पदभार ग्रहण के साथ शहरवासियों को सफाई व्यवस्था, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और अन्य नागरिक सुविधाओं में सुधार तथा विकास कार्यों को लेकर नई नगर परिषद से उम्मीदें बढ़ी हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों ने सभापति को शुभकामनाएं दीं और नगर परिषद के आगामी कार्यों एवं शहर के विकास को लेकर चर्चा की।

### बाड़मेर: आपत्ति पर दोबारा निकली लॉटरी: ग्रामीण में 16 पद महिलाओं के लिए रिजर्व

**जूम न्यूज़ • बाड़मेर**

बाड़मेर जिले की 7 पंचायत समितियों के 188 सरपंच और वार्ड पंचों के लिए आरक्षण की लॉटरी निकाली गई। बाड़मेर पंचायत समिति के सरपंच पदों की लॉटरी में कपूरड़ी ग्राम पंचायत को अनुसूचित जाति (SC) के लिए आरक्षित किए जाने पर आपत्ति आई। आपत्ति के बाद प्रशासन ने लॉटरी में त्रुटि मानते हुए पूरी बाड़मेर पंचायत समिति की सरपंच पदों की लॉटरी दोबारा निकाली। बाड़मेर जिला परिषद में चल रही लॉटरी के दौरान कपूरड़ी ग्राम पंचायत को SC रिजर्व में रखा गया था। जनप्रतिनिधियों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना था कि कपूरड़ी ग्राम पंचायत में SC की जनसंख्या नहीं है। आपत्ति सामने आने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बाड़मेर पंचायत समिति की सरपंच पदों की लॉटरी दोबारा निकालने के आदेश दिए। इसके बाद पूरी पंचायत समिति की लॉटरी फिर से निकाली गई। बाड़मेर जिले में कुल 625 सरपंच और 1426 वार्ड पंच पदों के लिए आरक्षण निकाली गई। इससे पहले बुधवार को बाड़मेर पंचायतीराज चुनाव के तहत जिला परिषद सदस्य, प्रधान और पंचायत समिति सदस्यों के आरक्षण की लॉटरी निकाली गई थी।

### पूर्व-सरपंच को हनीट्रैप में फंसाने वाली महिला थाने से भागी, 3 किमी दूर मिली

**जूम न्यूज़ • बाड़मेर**

**बाड़मेर।** बालोतरा की गुड़ामालानी में सरपंच को हनीट्रैप में फंसाकर रुपए ऐंठने के मामले में पुलिस ने बुधवार रात को महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के करीब 7-8 घंटे बाद ही महिला आरोपी पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हो गई। पुलिस ने चप्पे-चप्पे को खंगाला, लेकिन करीब 6 घंटे तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार थाने से करीब 3 किलोमीटर दूर कांधी की ढाणी के पास एक सुनसान जगह से महिला आरोपी को पकड़ लिया गया। इसके बाद पुलिस उसे दोबारा थाने लेकर पहुंची और हवालात में बंद किया गया। पूर्व सरपंच ने आरोप लगाया कि महिला ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर झांसे में लिया। इसके बाद अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करते हुए 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार अन्य आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीएसपी सुमेरसिंह ने बताया कि महिला को रात में गिरफ्तार किया गया था। बुधवार सुबह वह थाने से पुलिस को चकमा देकर पैदल निकल गई। महिला आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। गुड़ामालानी सीआई गीता चौधरी की टीम ने बुधवार देर शाम को कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित प्रकाश, भवानी और कमलेश को गिरफ्तार किया।

# जब तक पानी नहीं, तब तक चुनाव नहीं: अनूपगढ़ में किसानों ने रुकवाई पंचायती राज चुनाव की लॉटरी

**जूम न्यूज़ • अनूपगढ़**

पंचायती राज चुनाव-2026 के लिए पंचायत समिति परिसर में चल रही आरक्षण लॉटरी प्रक्रिया के दौरान किसानों ने सिंचाई के पानी की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। किसानों ने लॉटरी प्रक्रिया का बहिष्कार करते हुए इसे बीच में ही रुकवा दिया। किसानों ने प्रशासन के सामने स्पष्ट कहा कि *"जब तक पानी नहीं, तब तक चुनाव नहीं।"* किसानों का कहना है कि क्षेत्र में सिंचाई के पानी की समस्या को लेकर लंबे समय से आंदोलन चल रहा है, लेकिन अभी तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हुआ है। इसी के विरोध में किसान पंचायत समिति परिसर पहुंचे और आरक्षण लॉटरी में शामिल होने से इनकार कर दिया।

लॉटरी प्रक्रिया रुकने के बाद प्रशासन और किसान प्रतिनिधियों के बीच वार्ता शुरू हुई। मौके पर एडीएम अशोक सांगवा, एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, तहसीलदार और एसएचओ करतार सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। पंचायत समिति परिसर में पुलिस बल भी तैनात किया गया। अधिकारी किसानों से समझाइश कर रहे हैं, जबकि किसान सिंचाई के पानी को लेकर ठोस आश्वासन मिलने तक लॉटरी प्रक्रिया में शामिल नहीं होने की बात पर अड़े हुए हैं। किसानों के विरोध के कारण पंचायत समिति सदस्यों के वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया भी प्रभावित हुई है। फिलहाल प्रशासन और किसानों के बीच वार्ता जारी है और लॉटरी प्रक्रिया दोबारा शुरू होने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है।



## तेरस पर उमड़ी श्रद्धा, रात्रि जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु, महाआरती के बाद हुआ भंडारा

**जूम न्यूज़ • चूरू**




शहर के गढ़ परिसर स्थित मिनी जसोल धाम मां भटियाणीसा मंदिर में तेरस के अवसर पर बुधवार रात 'एक शाम माजीसा के नाम' रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। मंदिर परिसर देर रात तक मां माजीसा के जयकारों और भजनों से गूंजता रहा। मंदिर को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया था और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन किए।

जागरण का शुभारंभ मां माजीसा की ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद बीकानेर की हुकमाराम एंड पार्टी ने गणेश व गुरु वंदना के साथ भजनों की प्रस्तुति दी। 'घट-घट में बिराजो माजीसा', 'मायड़ मोतियां वाली', 'तेरस री रात माजीसा आज थाने आणो है' और 'माजीसा भक्तो रे बुलाया वेगा आइजो' जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। महिला श्रद्धालुओं ने भी भजन प्रस्तुत किए।

गुरुवार को तेरस के अवसर पर सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। 'मोतियां वाली मां भटियाणीसा, भक्तों रे मनड़े विराजो' के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। इस दौरान मां भटियाणीसा की महाआरती की गई। माजीसा की परम भक्त प्रेम कंवर बाईसा ने ज्योत लेकर श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महाआरती के बाद मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे और प्रसाद की व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। मंच संचालन भंवर सिंह बीका ने किया। इस अवसर पर समुंद्र सिंह राठौड़, रक्षपाल सिंह राठौर, अलका कंवर, अजय सिंह शेखावत, विजय सिंह शेखावत और लोकेंद्र सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 26 से 28 सितम्बर तक प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर लगेंगे सेवा शिविर

**जूम न्यूज़ • फलौदी**

राजस्थान सरकार के राजस्व विभाग द्वारा विकसित भारत-जन सेवा अभियान के अंतर्गत 26 से 28 सितंबर 2026 तक प्रदेश के समस्त गिरदावर सर्किल मुख्यालयों पर भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का आयोजन जिले की सभी तहसीलों के गिरदावर सर्किल मुख्यालयों पर प्रातः 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इन शिविरों में जनसेवा, सामाजिक सरोकार एवं सुशासन की भावना को सुदृढ़ करते हुए विकसित भारत-विकसित राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त करने में आमजन, किसानों, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। शिविरों में 22 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भाग लेकर आमजन की समस्याओं, लंबित प्रकरणों एवं परिवेदनाओं का मौके पर निस्तारण करेंगे तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इन शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा निम्न 12 प्रकार के कार्य सम्पादित किए जाएंगे। राजस्व अभिलेख एवं खातों का शुद्धिकरण, आपसी सहमति से खातों का विभाजन, रास्ते के प्रकरणों का निस्तारण, नामांतरकरण संबंधी प्रकरणों का निस्तारण, सरकारी/चारागाह/विभागीय भूमियों के अतिक्रमण प्रकरण, भूमिहीन किसानों को भूमि आवंटन, गैर खातेदारी से खातेदारी अधिकार प्रदान करना, सीमाज्ञान/पत्थरगढ़ी के प्रकरणों का निस्तारण, आबादी विस्तार हेतु राजकीय भूमि आवंटन एवं आरक्षण, सार्वजनिक/राजकीय प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन/आरक्षण प्रस्ताव, जाति/मूल निवास/हैसियत प्रमाण-पत्र जारी करना तथा फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य किये जायेगें।

जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्र के आमजन से अपील की है कि वे 26 से 28 सितंबर तक आयोजित होने वाले अपने निकटतम शिविर में पहुंचकर संबंधित विभाग की सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उठाएं।

# सरदारशहर; हाईकोर्ट के आदेश के बाद बिना टोकन वाले ठेले हटे, टोकनधारी 208 रेहड़ी-ठेले नहीं हटाए





**जूम न्यूज़ • सरदारशहर**

कच्चे बस स्टैंड परिसर में रेहड़ी-ठेलों की शिफ्टिंग को लेकर गुरुवार को दिनभर माहौल गरम रहा। नगर परिषद की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची तो विकास मंच अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सिंह राजपुरोहित धरने पर बैठ गए। सूचना पर डीएसपी और थानाधिकारी धीरेंद्र शेखावत पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। राजपुरोहित ने बताया कि रेहड़ी-ठेला मामले में राजस्थान हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। उनके अनुसार कोर्ट के आदेश के बाद 208 टोकनधारी रेहड़ी-ठेला संचालकों को नहीं हटाया गया, जबकि बिना टोकन संचालित ठेलों को हटाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका संगठन बिना टोकन वाले ठेला संचालकों के पक्ष में नहीं है।

नगर परिषद की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में बिना टोकन वाले कुछ रेहड़ी-ठेलों को हटाया। वहीं टोकनधारी संचालकों को कार्रवाई से बाहर रखा गया। इस दौरान डीएसपी और थानाधिकारी ने मौके पर स्थिति पर नजर रखी। नगर परिषद आयुक्त मगराज डुड्डी की ओर से जारी सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, अपर जिला न्यायाधीश, सरदारशहर के विविध दीवानी प्रकरण संख्या 15/2026 में खसरा नंबर 566/74 की विवादित भूमि पर रेहड़ी, हाथ ठेला, सब्जी विक्रेता अथवा अन्य तृतीय पक्ष को स्थापित या शिफ्ट करने को लेकर यथास्थिति का आदेश है। इसके बाद नगर परिषद ने टैक्सी स्टैंड से अशोक स्तंभ जाने वाले मार्ग के उत्तर दिशा में सड़क और दीवार के बीच स्थित सरकारी भूमि को नए वेंडिंग जोन के रूप में निर्धारित किया। कार्रवाई के दौरान बस यूनियन ने भी विरोध जताया। यूनियन की ओर से नगर परिषद कार्यालय के आगे दो बसें खड़ी कर प्रदर्शन किया गया। पुलिस की मौजूदगी में अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित रखा।

## सवाल—चुनाव के दौरान एकांतर जलापूर्ति हुई, अब व्यवस्था क्यों चरमराई?

# कांग्रेसी पार्षदों व समर्थकों ने जलदाय विभाग अधिकारियों का किया घेराव







**जूम न्यूज़ • बिलाड़ा**

कस्बे में पिछले एक सप्ताह से बिगड़ी जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षदों ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों का करीब ढाई घंटे तक घेराव किया। इस दौरान पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने विभाग और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका मुख्य सवाल था कि पालिका चुनाव के दौरान जब प्रत्येक वार्ड में एकांतर दो-दो घंटे जलापूर्ति हो रही थी, तो चुनाव समाप्त होते ही व्यवस्था क्यों बिगड़ गई? कांग्रेस पार्षद अर्जुनसिंह बोचावत, दिनेश, चिंटू, इंसाफ, चंद्रप्रकाश, नरेंद्रसिंह, राजू चौहान व जमालुदीन सहित दर्जनों कार्यकर्ता विभागीय कार्यालय खुलते ही वहां पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर शिव मंदिर के पास बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसी दौरान सहायक अभियंता महिराम चौधरी, कनिष्ठ अभियंता अंकित पटेल और कुछ ठेकेदार कार्यालय पहुंचे। पार्षदों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर जवाब मांगा।

### तीन दिन के क्लोजर से बिगड़ी व्यवस्था: अधिकारी

पार्षदों के घेराव के बाद सहायक अभियंता महिराम चौधरी, कनिष्ठ अभियंता अंकित पटेल और ठेकेदार मेघसिंह कार्यालय से बाहर आए और प्रदर्शन कर रहे पार्षदों से बातचीत की। पार्षदों ने कहा कि कस्बे के कई वार्डों में पिछले एक सप्ताह से नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है, जबकि चुनाव के दौरान एकांतर जलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही थी। सहायक अभियंता महिराम चौधरी ने बताया कि माणकलाव-दांतीवाड़ा पेयजल योजना के चलते तीन दिन का लगातार क्लोजर लिया गया था। इस दौरान दांतीवाड़ा डिग्गी को पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी, जिससे पूरे क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई। उन्होंने बताया कि बुधवार से व्यवस्था में सुधार हुआ है और प्रयास रहेगा कि अब प्रत्येक वार्ड में तीसरे दिन जलापूर्ति की जा सके।

### पुरानी पाइपलाइन एक सप्ताह में बदलने का आश्वासन

अधिकारियों के जवाब से पार्षद एवं कार्यकर्ता संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने नारेबाजी जारी रखी। बाद में सहायक अभियंता ने कुछ पार्षदों को कार्यालय में बुलाकर आश्वस्त किया कि उसी दिन प्रत्येक वार्ड की जलापूर्ति का कार्यक्रम पार्षदों को उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिन वार्डों में वर्षों पुरानी पाइपलाइन के कारण समस्या आ रही है, वहां लाइनों की मरम्मत अथवा आवश्यकता के अनुसार उन्हें बदलने का काम एक सप्ताह में करवाया जाएगा। करीब ढाई घंटे के घेराव और धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि अगले तीन दिनों में जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे फिर जनसमूह के साथ विभाग कार्यालय पहुंचकर घेराव करेंगे। प्रदर्शन के दौरान वार्ड 2, 10 और 13 से बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंचीं और नारेबाजी में शामिल हुईं।

> *“ लगातार क्लोजर और दांतीवाड़ा से मांग के अनुरूप पानी नहीं मिलने के कारण जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू नहीं हो पा रही है। उच्च अधिकारियों को स्थिति से अवगत करवाया गया है। पर्याप्त पानी मिलते ही व्यवस्था में सुधार होगा। पुरानी पाइपलाइन बदलना भी आवश्यक है, जिन्हें जल्द बदलवाया जाएगा।*
>
> ***— महिराम चौधरी, सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, बिलाड़ा***

**ब्रीफ न्यूज**

### बरना सरगरा समाज द्वारा भव्य स्वागत समारोह आयोजित



**जूम न्यूज़ • बिलाड़ा**

**बिलाड़ा।** क्षेत्र के प्राचीन वामन अवतार राजा बल्लि के नाम भजन संध्या में सरगरा समाज द्वारा भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें। सरगरा समाज संघ में आयें अतिथियों का फुल मालाओ से स्वागत किया गया व्यवस्थापक प्रकाशराम (फोजी) ने बताया कि देसुरी , जोजावर व आस पास से पधारे समाज के अतिथि पधारे हुऐं वरिष्ठ नागरिकों का बरना सरगरा समाज द्वारा यहां रोककर भव्य स्वागत किया गया वहीं यहां से वामन अवतार राजा बल्लि पिचियाक स्थित मंदिर पर भव्य मेले में शिरकत करेंगे इस मौके पर शिवराम , कानाराम, केवलराम, दुदाराम, धन्नाराम, माणकराम, ओम डिबिया, प्रकाश फोजी, रविन्द्र चोहान, सज्जनराम, श्रवण राम, इन्होंने आये हुऐ अतिथियों का फुल मालाओं से स्वागत किया गया।

### ई-कॉमर्स वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड जागरूकता दिवस मनाया

**जूम न्यूज़ • बिलाड़ा**

साइबर सुरक्षित राजस्थान अभियान के तहत राजस्थान पुलिस जिला जोधपुर ग्रामीण में ई-कॉमर्स वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड जागरूक दिवस एसपी पंकज यादव के निर्देशन में मनाया गया। महिला कांस्टेबल



रामस्नेही विश्नोई ने बताया कि इस दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में आमजन को घर बैठे ऑनलाइन कमाई के नाम पर होने वाली ठगी से बचाव के लिए जागरूक किया गया।पुलिस द्वारा मुख्य रूप से तीन प्रकार के फ्रॉड के बारे में जानकारी दी गई-/ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब के नाम पर फर्जी कंपनियों द्वारा टास्क और पेमेंट के नाम पर ठगी। प्रोडक्ट रेटिंग और रिव्यू के नाम पर कमीशन का लालच देकर ठगी। .टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर टास्क, निवेश और क्रिप्टो के नाम पर ठगी।पुलिस कांस्टेबल रामस्नेही डेलू ने आमजन से अपील की है कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें, किसी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी साझा न करें, नौकरी के नाम पर पहले पैसे न दें और अनजान टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन न करें।

## पाली में 24 ग्राम पंचायतो के सरपंच एवं वार्ड सदस्यों का आरक्षण तय, लॉटरी से आवंटन

**जूम न्यूज़ • पाली**

पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत गुरुवार को पंचायत समिति सभागार पाली में ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड सदस्यों के पदों के लिए आरक्षण आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ लॉटरी के माध्यम से संपन्न हुई। आरक्षण लॉटरी को लेकर पंचायत समिति परिसर में लोगों की काफी तादाद में मौजूदगी रही। प्रक्रिया के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्धारित नियमों के अनुसार आरक्षण श्रेणियों का आवंटन किया।

निर्वाचक रजिस्टीकरण अधिकारी (पंचायत) एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि आरक्षण आवंटन प्रक्रिया के तहत पाली क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग सहित निर्धारित श्रेणियों में महिला आरक्षण का भी लॉटरी के माध्यम से निर्धारण किया गया। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाई



गई। इन ग्राम पंचायतों में हुआ आरक्षण आवंटन -राणावत ने बताया कि ग्राम पंचायत वडेरावास में अनुसूचित जाति महिला, बाणियावास में सामान्य, भांगेसर में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, भावंरी में सामान्य महिला, बोमादड़ा में अन्य पिछड़ा वर्ग, डिरी में अनुसूचित जाति, डेण्डा में सामान्य महिला, डिंगाई में अनुसूचित जनजाति, गिरादड़ा में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला तथा गुड़ा एन्दला में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारित किया गया।

इसी प्रकार गुन्दोज में अनुसूचित जाति, खैरवा में सामान्य, लाम्बिया में सामान्य, मनिहारी में सामान्य महिला, रूपावास में सामान्य महिला, साकदड़ा में सामान्य, सांपा में सामान्य, सोडावास में सामान्य महिला, सोनाईमांझी में अनुसूचित जाति महिला, टेवाली में सामान्य महिला, कूरना में अनुसूचित जनजाति महिला, दयालपुरा में अनुसूचित जाति, हेमावास में सामान्य महिला तथा गुरडाई में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए लॉटरी निकाली गई।

**निर्वाचन प्रक्रिया में जुटा प्रशासन:** आरक्षण आवंटन प्रक्रिया के दौरान सहायक निर्वाचक रजिस्टीकरण अधिकारी (पंचायत) एवं तहसीलदार पाली सुनील कुमार, पंचायत समिति विकास अधिकारी भगवान सिंह, चुनाव शाखा प्रभारी ललित कुमार दवे ,सुरेश कुमार व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, रमेश कुमार अणकिया, सहायक मीडिया प्रभारी अभिषेक चतुर्वेदी, लोकेश कुमार दवे, अभिषेक राजपुरोहित समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राउमावि फलोदी की टीम क्रिकेट में बनी चैंपियन



### अंडर 14 आयु वर्ग क्रिकेट में फलोदी के गौरव सुथार का राज्य स्तर पर चयन

**जूम न्यूज़ • फलौदी**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। प्रतियोगिता में स्थानीय विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रिकेट के अंडर-17 एवं अंडर-19 छात्र वर्ग में विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

प्रधानाचार्य मनमोहन पुरोहित ने बताया कि क्रिकेट के दोनों आयु वर्ग अंडर 17 छात्र आयु वर्ग एवं अंडर 19 छात्र आयु वर्ग दोनों में ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी की टीम विजेता बनी। अंडर 19 छात्र वर्ग में रा उ मा वि फलोदी ने ड्यून्स अकैडमी आउ को 9 विकेट से हराया। इसी तरह अंडर 17 छात्र क्रिकेट के फाइनल में स्थानीय विद्यालय ने सरस्वती विद्यालय फलोदी को हराया। वही रा उ मा वि फलोदी की मेजबानी में चल रही टेबल टेनिस के अंडर 14 छात्र और छात्रा के मैच खेले गए जिसमें अंडर 14 छात्रा आयु वर्ग में टेडी किड्स स्कूल प्रथम, रा उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी द्वितीय और मॉडल स्कूल फलौदी तृतीय स्थान पर रही, इसी तरह टेबल टेनिस के छात्र आयु वर्ग में टेडी किड्स स्कूल प्रथम मॉडल स्कूल फलौदी द्वितीय और के वी एंजेल स्कूल बाप तृतीय स्थान पर रही। उधर अंडर 14 क्रिकेट आयु वर्ग में स्थानीय विद्यालय के गौरव सुथार का राज्य स्तर पर चयन हुआ है।

## जालोर में 12 साल बाद कांग्रेस का सभापति, बंशीलाल ने संभाला पदभार

**जालोर।** नगर परिषद के नव निर्वाचित सभापति बंशीलाल माली ने गुरुवार सुबह करीब 11 बजे पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही जालोर नगर परिषद में 12 साल बाद कांग्रेस का सभापति बना है। पदभार ग्रहण करने से पहले माली ने श्रीगणेश, मां लक्ष्मी, ठाकुरजी और पीर शांतिनाथ महाराज की पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे सभापति कार्यालय पहुंचे और औपचारिक रूप से जिम्मेदारी संभाली।

पदभार ग्रहण के मौके पर नगर परिषद परिसर में जनसभा का आयोजन भी किया गया। इसमें कांग्रेस नेताओं, पार्षदों और शहरवासियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कांग्रेस नेता पुखराज पाराशर, जुल्फिकार अली भुट्टो, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल सहित पार्टी के पार्षद, अन्य नेता और शहरवासी मौजूद रहे। 21 सितंबर को हुआ था सभापति का चुनाव, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी बंशीलाल माली ने भाजपा के जयसिंह को 6 मतों से हराया था। माली को 23 और जयसिंह को 17 वोट मिले थे।

## गाजे-बाजे के साथ जालोर पहुंचे पीर गंगानाथ: 54 दिन का चातुर्मास पूरा; भैरूनाथ अखाड़े में सामेला रस्म हुई



**जूम न्यूज़ • जालोर**

जालोर पहुंचने पर नाथ संप्रदाय के संत सिरे मंदिर धाम और भैरूनाथ अखाड़ा के पीठाधीश्वर पीर गंगानाथ महाराज का जोरदार स्वागत किया गया। वे 54 दिन का चातुर्मास पूरा कर नजदीकी गांव बैरठ के केसरनाथ मंदिर (अखण्ड धूणे) से गुरुवार सुबह 8 बजे जालोर के भैरूनाथ अखाड़े के लिए रवाना हुए। गाजे-बाजे और भव्य शोभायात्रा के साथ जालोर में उनका प्रवेश हुआ। भैरूनाथ अखाड़ा पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। अखाड़े के व्यवस्थापक पारसमल परमार ने बताया- शोभायात्रा के भैरूनाथ अखाड़ा पहुंचने पर लाभार्थी परिवार की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ सामेला की रस्म अदा की। इसके बाद लाभार्थी परिवार ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और पीर गंगानाथ महाराज को फूलमाला पहनाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान भक्तों ने जयनाथजी के गगन भेदी जयकारे लगाए।

### शोभायात्रा में घोड़े व रथ

शोभायात्रा में सुसज्जित घोड़े, भव्य रथ, विभिन्न बैंड-बाजे और ढोल-धमाके की थाप ने लोगों को आकर्षित किया। रास्ते भर में कई स्थानों पर शहरवासियों ने फूल बरसाकर पीर गंगानाथ महाराज का स्वागत किया। इस दौरान



भैसवाड़ा व लेटा महंत रणछोड़ भारती महाराज, मलकेश्वर मठ के महंत सेवा भारती महाराज, धुणिया मठ के महंत सोमपुरी महाराज, जागनाथ मंदिर के महंत महेंद्र भारती महाराज, गोल मठ के महंत आशा भारती महाराज, सरत मठ के महंत शंकर स्वरूप महाराज, सांथू महंत रणछोड़ पुरी महाराज मौजूद रहे। साथ ही मुंडेश्वर महादेव के महंत बद्रीनाथ महाराज, साफाड़ा महंत सोमनाथ महाराज, हल्देश्वर मठ के महंत मोहननाथ, झरणेश्वर महादेव महंत साईनाथ महाराज, उदयपुर के रेवतीनाथ महाराज, भैरूनाथ अखाड़ा के योगी प्रेमनाथ महाराज, योगी आनंदनाथ महाराज, योगी ईश्वरनाथ महाराज, योगी शेरनाथ महाराज, योगी गोपालनाथ महाराज, योगी निर्भयनाथ महाराज एवं समस्त रमताराम साधु-महात्मा उपस्थित हुए।

### लाभार्थियों का बहुमान

समारोह के चढ़ावा लाभार्थी दीपाराम सुथार, अरविंद पणिया, प्रेमाराम देवासी रणछोड़ नगर का चातुर्मास सेवा समिति ने अभिनंदन किया। बैरठ गांव के कानसिंह मण्डलावत, पूर्व डीवाईएसपी गोपालसिंह का माला पहनाकर बहुमान किया। पीर गंगानाथ महाराज गत 1 अगस्त को जालोर के भैरूनाथ अखाड़े से भव्य शोभायात्रा के साथ बैरठ गांव स्थित केसरनाथ मंदिर के लिए रवाना हुए थे। वहां उन्होंने 54 दिनों तक तपस्या और साधना की।

## सिरोही: सभापति रितु जैन बोलीं- कांग्रेस का घोषणा पत्र ही बोर्ड का संकल्प पत्र होगा

### रितु जैन ने गिनाईं प्राथमिकताएं: शहर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा

**जूम न्यूज़ • सिरोही**

सिरोही नगर परिषद की नवनिर्वाचित सभापति रितु पुनीत जैन ने कहा है कि शहर का विकास अब जनभावनाओं के अनुरूप किया जाएगा। कांग्रेस ने नगर परिषद चुनाव में जो घोषणा पत्र जारी किया था, वही नए बोर्ड का संकल्प पत्र होगा और उसके आधार पर शहर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

रितु जैन ने कहा कि नगर परिषद का नया बोर्ड सिरोही को स्वच्छ, व्यवस्थित, विकसित और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से काम करेगा। उन्होंने चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने के लिए शहरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि बोर्ड जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेगा। जनादेश के लिए शहरवासियों का जताया आभार



नवनिर्वाचित सभापति ने कहा कि सिरोही की जनता ने पूर्व विधायक संयम लोढ़ा के नेतृत्व में कांग्रेस को नगर परिषद में काम करने का स्पष्ट जनादेश दिया है। इसके लिए कांग्रेस पार्टी और सभी निर्वाचित पार्षद शहर की जनता का आभार व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने चुनावी वादों को पूरा करने और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए सभी पार्षदों के सहयोग से काम करेगी। शहरवासियों का विश्वास बनाए रखना नए बोर्ड की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी।

# थे केवो तो सांवरे में काजलियो बन जाऊं जी... गणेश महोत्सव में गूंजे राजस्थानी गीत, प्रतियोगिताओं के विजेताओं का हुआ सम्मान

## भजन मंडली की महिलाओं को दुपट्टा पहनाकर किया अभिनंदन, युवक-युवतियों व बालिकाओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



जूम न्यूज • पाली

एस.पी.एन. गणपति नवयुवक मंडल की ओर से सरदार पटेल नगर में आयोजित गणेश चतुर्थी महोत्सव के समापन अवसर पर गुरुवार को विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। नवयुवक मंडल के विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि गणेश महोत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह में प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को अतिथि जसवंता बारूपाल, प्रदीप जाम, विश्नाराम चौहान, सुमित राठौड़ एवं मीठालाल चांवरिया ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सराहना की।

### राजस्थानी गीतों पर थिरके कदम

समापन समारोह में युवक-युवतियों एवं बालिकाओं ने विभिन्न राजस्थानी एवं देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कलाकारों ने 'थे केवो तो सांवरे में काजलियो बन जाऊं जी', 'मनड़े रा मोर बोले सा राठौड़ा ने खम्मा घणी', 'समदरियो लेहरा लेवे सा ओ साजना', 'म्हारो घूमर', 'लाया डाक बाबू लाया रे संदेशवा', 'मिश्री सूं मीठी बातें थारी' तथा 'ये जो केसरी के लाल' सहित विभिन्न गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों के दौरान कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

महिला मंडल संयोजिका रेणु कंवर परिहार ने बताया कि गणपति महोत्सव के दौरान प्रतिदिन भजनों की प्रस्तुति देने वाली भजन मंडली की महिलाओं का भी सम्मान किया गया। भजन मंडली में शामिल पुष्पा देवी मालगावा, पुष्पा देवी लखारा, विद्या देवी राजपुरोहित, राजकुमारी परिहार, कमला देवी बाबानी, भगवती श्रीमाली, सीता देवी, प्रेम कंवर टेलर, सुषमा टेलर, सरस्वती लक्षकार, उषा लक्षकार, रेणु कंवर, गीता देवी, लक्ष्मी देवी, किरण राजपुरोहित, शांति देवी एवं मधुकर लश्करी का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। महिलाओं ने महोत्सव के दौरान नियमित रूप से भजनों की प्रस्तुति देकर धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा।

### आयोजन सफल बनाने में इनका रहा सहयोग

गणेश महोत्सव एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में अनिल शर्मा, अशोक कुमार टेलर, अविनाश दवे, पूरण लश्करी, नानूराम पारीख, विनोद बाबानी, भुवनेश दवे, प्रताप सिंह राणावत, अनमोल शर्मा, सुरेश राजपुरोहित, अंशुल शर्मा, राम अवतार टेलर, महेन्द्र सिंह राजपुरोहित, महेन्द्र लखेरा, प्रिंस बारूपाल, जितेंद्र शर्मा, मेहुल पारीख, निहाल टेलर, किशन अग्रवाल, बबली शर्मा, प्रेरणा बाबानी, तनुश्री, निशिता बाबानी एवं रणवीर सिंह परिहार सहित मंडल के सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

ब्रीफ न्यूज

## दाधीच समाज मुंबई का 57वां महर्षि दधीचि जयंती समारोह संपन्न



जूम न्यूज • जैतारण

दाधीच समाज मुंबई का 57 वां महर्षि दधीचि जयंती समारोह संपन्न हुआ.महर्षि दधीचि एवं मां दधिमती की आरती के साथ हुई.महिलाओं के लिए नॉन फायर कुकिंग प्रतियोगिता तथा बच्चों की संस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही.विभिन्न परिक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को पारितोषक देकर सम्मानित किया गया.समारोह में अध्यक्ष सीए राधेश्याम दाधीच, मुख्य अतिथि ऐश्वर्य दाधीच, गौरव सम्मान से सीए देवेश दाधीच एवं प्रतिभा सम्मान से चांदनी भाभडा सम्मानित हुए.हास्य कवि सम्मेलन में रोहित शर्मा, दिनेश बावरा और राकेश तिवारी ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को खूब हंसाया. समाज अध्यक्ष राजेश शर्मा ने एकता, संस्कार और सहयोग को समाज की शक्ति बताते हुए सभी समाज बंधुओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया.कार्यक्रम में समाज बंधुगण, महिलाएं, युवा वर्ग के साथ कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, सचिव कमलेश दाधीच, महासचिव सुशील दाधीच, कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा, आशिश शर्मा, अंजनी कुमार दाधीच, अनुपमा दाधीच, मदनमोहन भाभडा, अमित दाधीच, पंकज रतावा, राहुल शर्मा राधे श्याम व्यास उपस्थित रहे.समापन पर महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाज बंधुओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सराहनीय कार्य करने वालों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## बिलाड़ा में पहली बार होगा 'बैड रन', नशे के खिलाफ दौड़ेगा शहर

जूम न्यूज • बिलाड़ा

नशे के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बिलाड़ा में पहली बार 'बैड रन—बिलाड़ा अगेंस्ट ड्रग्स' का आयोजन किया जाएगा। समस्त युवा शक्ति संगठन, बिलाड़ा (जोधपुर) के तत्वावधान में आयोजित इस जागरूकता दौड़ का आयोजन 26 सितंबर, शनिवार को सुबह 8:30 बजे होगा। अभियान का संदेश "दौड़ नशे के खिलाफ—कदम स्वस्थ समाज की ओर" रखा गया है, आयोजन के मुख्य कार्यकर्ता कैलाश कटारिया के अनुसार दौड़ का शुभारंभ बेड़र चौक से होगा। प्रतिभागी सदर बाजार, इंदिरा कॉलोनी, बस स्टैंड, सब्जी मंडी और सोजती गेट होते हुए सभा भवन पहुंचेंगे। अभियान का उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी एवं उपजिला मजिस्ट्रेट मदनराम पटेल, पुलिस उपाधीक्षक मनीष देव विश्वकर्मा, विकास अधिकारी विक्रमसिंह राजपुरोहित, तहसीलदार मनोज कुमार, थाना अधिकारी सवाईसिंह सोढ़ा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय चांदेरा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. ताराचंद रामावत तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद सोलंकी की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक, जोधपुर ग्रामीण श्री पंकज यादव (IPS) होंगे। आयोजकों ने शहरवासियों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर नशे के खिलाफ इस जनजागरूकता अभियान को मजबूती देने की अपील की है।

## जैसलमेर में हिंगलाज महोत्सव, नाचते गाते निकाली शोभायात्रा



जूम न्यूज • जैसलमेर

जैसलमेर में श्री ब्रह्मक्षत्रिय खत्री समाज की कुलदेवी मां हिंगलाज की आराधना को समर्पित वार्षिक हिंगलाज महोत्सव गुरुवार को अत्यंत हर्षोल्लास और भव्य शोभायात्रा के साथ आरंभ हो गया। भादवा सुदी त्रयोदशी के पावन अवसर पर आयोजित इस पारंपरिक महोत्सव में इस बार समाज की अभूतपूर्व एकजुटता, आस्था और सांस्कृतिक वैभव का अनुपम संगम देखने को मिला। हर साल की तरह इस बार भी ऐतिहासिक लौद्रवा स्थित प्राचीन हिंगलाज मंदिर में मुख्य मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने के लिए देश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में समाज बंधु जैसलमेर पहुंचे हैं। महोत्सव के प्रथम चरण में गुरुवार को शहर के हनुमान चौराहे से एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा रवाना हुई, जिसका मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल ऊंट-घोड़ों पर सवार युवा, मंगल कलश लिए महिलाएं और देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

# 1.83 लाख के जाली नोटों के साथ युवक पकड़ा, बोलेरो कैंपर जब्त

### पुलिस थाना बोरून्दा की टीम ने की कार्रवाई

जूम न्यूज • जोधपुर

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण पंकज यादव के निर्देषन में अवैध गतिविधियो के विरूद्व चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना बोरून्दा की टीम ने पुलिस थाना बोरून्दा हल्का क्षैत्र मे गोटन रोड पर जाली नोट सप्लाई की फिराक मे घुमते हुये बोलेरो केम्पर चालक को दस्तयाब कर उसके कब्जे से 1,83,500 रूपये के जाली नोट बरामद की कार्यवाही करते हुये घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो केम्पर नम्बर आरजे 19जीजी 6833 को जब्त कर मुलजिम अरबाज पुत्र सरादीन जाति मुसलमान उम्र 24 साल निवासी बागोरिया पुलिस थाना भोपालगढ जिला जोधपुर ग्रामीण को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।





जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण के निर्देषन में अवैध गतिविधियो के विरूद्व चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये जिस पर अति0पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल ,वृताधिकारी बिलाड़ा मनीषदेव के सुपरविजन एवं जगदीश सउनि थानाप्रभारी पुलिस थाना बोरून्दा के नेतृत्व मे पुलिस थाना बोरून्दा कि टीम द्वारा मुखबीर आसूचना से बोरून्दा हल्का क्षैत्र मे गोटन रोड पर जाली नोट सप्लाई की फिराक मे घुमते हुये बोलेरो केम्पर नम्बर आरजे 19 जीजी 6833 के चालक को दस्तयाब कर उसके कब्जे से 500-500 के 367 नोट, 1,83,500 रूपये के जाली नोट बरामद की कार्यवाही करते हुये घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो केम्पर नम्बर आरजे 19 जीजी 6833 को जब्त कर मुलजिम अरबाज पुत्र सरादीन जाति मुसलमान उम्र 24 साल निवासी बागोरिया पुलिस थाना भोपालगढ जिला जोधपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया गया। नकली नोट के संबंध में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

- **गिरफतार मुल्जिमः-** अरबाज पुत्र सरादीन जाति मुसलमान उम्र 24 साल निवासी बागोरिया पुलिस थाना भोपालगढ जिला जोधपुर ग्रामीण
- **कार्यवाही टीम** -उक्त कार्यवाही मे मुख्य भूमिका निभाने वाले श्री जगदीश सउनि थानाप्रभारी पुलिस थाना बोरून्दा, हैडकानि लखपतराम (मुख्य भूमिका), कानि. मनोजकुमार मीणा, बिरमाराम, नमोनारायण, दिनदयाल, चालक कानि. सोहनलाल की विषेष भूमिका रही।

# जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता संपन्न

जूम न्यूज • पाली



70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता हंस वाहिनी बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय के सानिध्य में बांगड़ कॉलेज स्केटिंग मैदान पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान 500 मीटर, 1000 मीटर, 2000 मीटर एवं 1 लैप की विभिन्न रेस आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में क्वाड एवं इनलाइन स्केट्स वर्ग के बालक-बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण दाधीच ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 120 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। इस बार प्रतियोगिता में बालिकाओं की संख्या अधिक रही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में पाली जिला रोलर स्केटिंग संघ के सचिव एवं कोच अजय शर्मा, शारीरिक शिक्षक दिग्विजय सिंह, तरुण शर्मा, संजय दाधीच, मोहम्मद हाशमी, करण सिंह, गोविन्द सिंह, नथमल जी, ओमप्रकाश जी एवं महेंद्र जी शर्मा सहित विभिन्न शारीरिक शिक्षकों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### खिलाड़ियों की सुविधा के लिए मेडिकल किट

कोच अजय शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय की ओर से प्रतिदिन पीने के पानी एवं नाश्ते की व्यवस्था की गई। साथ ही अभिभावकों के बैठने के लिए टेंट की व्यवस्था तथा खिलाड़ियों की सुविधा के लिए मेडिकल किट भी उपलब्ध कराई गई। गर्मी को देखते हुए खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के दौरान समय-समय पर ब्रेक दिया गया। सभी रेस प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच पूर्ण करवाई गईं। विद्यालय प्रबंधन एवं आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रतियोगिता का सफल संचालन किया गया।

## भाविका ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्राप्त किया स्वर्ण पदक



जूम न्यूज • तखतगढ़

तखतगढ़ निवासी बालिका भाविका सुथार पुत्री श्री पारसमल ने महाराजा सयाजी राव विश्व विद्यालय बड़ोदा में आयोजित 75 वे दीक्षांत समारोह में भारत के महामहीम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों "मास्टर ऑफ सोशल वर्क" डिग्री में पूरे विश्व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्णपदक से सम्मानित हुई। श्री अभय नोबल्स उमावि के प्रधानाचार्य शम्भू सिंह बालोत ने बताया कि अभय स्कूल तखतगढ़ से विज्ञान गणित विषय में उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण कर सैंट ज़ेवियर कॉलेज अहमदाबाद से बी.एस.सी. ओनर्स गणित में स्नातक कर महाराजा सयाजी राव विश्वविद्यालय से सोशल वर्क में मास्टर्स डिग्री में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए।

बुधवार को बड़ोदा में आयोजित दीक्षांत समारोह में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, गुजरात सरकार त्रिकम भाई, एम.एस.यू. के चांसलर शुभांगिनी राजे गायकवाड़ एवं वाइस चांसलर प्रोफेसर भालचंद्र भाँगे की उपस्थिति में स्वर्णपदक, प्रमाण पत्र, व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। भाविका सुथार अभी हिंदुस्तान जिंक उदयपुर में सहायक मैनेजर सीएसआर के रूप में कार्य ग्रहण करेगी। ग्रामीण बालिका के स्वर्णपदक प्राप्त करने पर सुमेरपुर उपखण्ड में हर्ष की लहर है।

# अनंत चतुर्दशी पर आज गणेश प्रतिमा विसर्जन

जूम न्यूज • पीपाड़ सिटी

शहर व ग्रामीण क्षेत्र में गणेश चतुर्थी के मौके शुरू हुए गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। शहर के विभिन्न गली मोहल्लों में मोहल्ला विकास समिति और धार्मिक संगठनों की और से गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर पांडाल सजाए गए हैं। यहां सुबह शाम होने वाली आरती में शामिल होकर श्रद्धालु सुख समृद्धि की मंगलकामना कर रहे हैं। शहर में 50 से अधिक गणपति प्रतिमा स्थापित की गई थी जिसमें प्रमुख रूप से शहर के पिपली बास,गणपति चौराया,रामदेव मंदिर,पुराना बस स्टैंड,मुंदडा सर्कल, मुख्य बाजार,उचियारड़ा बेरा, सांखलो का बेरा,इंद्रा कॉलोनी क्षेत्र में युवाओं और नन्हे बच्चों की टोली ने गणेश प्रतिमा स्थापित की है। यहां पर बच्चों के ग्रुप की ओर से पूजा- अर्चना की जा रही है।

महिला मंडल की ओर से भजन कीर्तन भी किए जा रहे हैं। गणपति स्तोत्र, अथर्वशीर्ष का पाठ कर संकटों के विनाश की कामना कर रहें हैं।हर बार की तरह इस बार भी अनंत चतुर्दशी को आज गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। कई जगहों पर इको फ्रेंडली मिट्टी के गणेश भी स्थापित किए गए हैं।शाम 4 बजे से मुख्य बाजार के कोट गेट से सभी प्रतिमाओं के साथ सामूहिक रूप से डीजे की धुन पर शोभायात्रा रवाना होगी जो चोपाटा बाजार,लखारा बाजार,शहीदो का चौक,सुभाष घाट पर स्थित सापासर तालाब में सभी प्रतिमाओं का पंडित ओम पुजारी व चेतन पंडित के सानिध्य में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा पाठ करने के पश्चात विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा विशेष साफ सफाई वह माकूल व्यवस्था की गई है प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नाव की व्यवस्था भी की गई है।

### बाड़मेरः सभापति गौतम बॉबी ने पद संभाला

**बाड़मेर**। बाड़मेर नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति गौतम जैन (बॉबी) और उपसभापति कन्या देवी (काकी) ने गुरुवार शाम को पदभार ग्रहण कर लिया। दोनों को आयुक्त विवेक व्यास ने पदभार ग्रहण करवाया। सभापति गौतम बॉबी ने कहा- नगर परिषद को घाटे से उभारने के लिए नए-नए रेवन्यू सोर्स पैदा करेंगे। सरकार से फंड लाकर विकास के काम करवाएंगे। 200 दिन में बाड़मेर शहर नए रूप में दिखेगा। आज मैंने नहीं, भाजपा ने पदभार संभाला है। बाड़मेर नगर निकाय में बीजेपी को मिले प्रचंड बहुमत के बाद जुलूस निकाला गया था।

### जैसलमेरः गुरुद्वारा परिसर में घुसा कोबराः बच्ची की सतर्कता से हादसा टला; स्नेक कैचर ने रेस्क्यू किया

**जैसलमेर**। शहर के गुरुद्वारा साध संगत परिसर में बुधवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां एक खतरनाक कोबरा सांप दिखाई दिया। गनीमत रही कि समय रहते एक छोटी बच्ची की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर स्नेक कैचर साहिल खान मौके पर पहुंचे और चंद मिनटों में जहरीले सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। इसके बाद क्षेत्रवासियों और गुरुद्वारे में आने वाले श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। बुधवार रात करीब 7 से 8 बजे के बीच गुरुद्वारे के आसपास बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान खेल रही एक छोटी बच्ची की नजर घास और झाड़ियों के पास छिपे एक विशाल कोबरा दिखाई दिया। उसने पिता व परिजनों को इसकी जानकारी दी।

# डॉ. पारस चौहान को मिला राज्य स्तरीय धन्वंतरि पुरस्कार





जूम न्यूज • जैतारण

11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुष विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में डॉ. पारस चौहान, प्रधान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी प्रभारी, श्री चांदमल मोदी राजकीय जिला आयुष चिकित्सालय, ब्यावर को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित "राज्य स्तरीय धन्वन्तरि पुरस्कार - 2026" से सम्मानित किया गया। पृथ्वीराज सभागार जयपुर में आयोजित भव्य समारोह में आयुष विभाग के उच्च अधिकारियोंद्वारा डॉ. चौहान को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

डॉ. पारस चौहान को यह पुरस्कार ब्यावर जिले में रोगियों को लाभान्वित करने तथा आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार एवं निःस्वार्थ समर्पण के लिए प्रदान किया गया है एवं आरजीएचएस औषध दवा काउंटर खुलवाना ,मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं डे केयर आरजीएचएस के अंतर्गत रोगियों को भर्ती कर लाभान्वित किया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद डॉ. चौहान ने कहा, "यह सम्मान मेरा नहीं, बल्कि मेरे पूरे जिला आयुष चिकित्सालय एवं जिला आयुष कार्यालय, ब्यावर परिवार का और उन सभी रोगियों का है जिन्होंने आयुर्वेद पर विश्वास किया । इस उपलब्धि पर जिला आयुष कार्यालय ब्यावर के सहायक निदेशक डॉ.सीपी.सेन एवं ईश्वर परिहार,रविन्द्र सिंह चौहान, हिमांशु शर्मा ,हुकम सिंह , धर्मीचंद रेगर,भंवर सिंह इत्यादि चिकित्सालय स्टाफ ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया इसी श्रेणी में पायल दाधीच, शोभा कंवर ,ममता ,सुषमा कंवर इत्यादि ने पुष्प माला भेंट करते हुए डॉ. चौहान को बधाइयाँ एवं शुभकामनाएं दी।

# जयपुर नगर निगम में मेयर के लिए 10 से 2 बजे तक वोटिंग, शाम तक रिजल्ट

## 150 पार्षद करेंगे मतदान, बहुमत का आंकड़ा 76, सुनील कोठारी बनाम सुनीता मावर के बीच सीधा मुकाबला

**जयपुर**। जयपुर नगर निगम में नए मेयर के चुनाव को लेकर गुरुवार शाम तैयारियां तेज हो गई। मेयर के शुक्रवार को होने वाले चुनाव से पहले नगर निगम मुख्यालय और मेयर कक्ष की सफाई का काम शुरू किया गया।

मेयर कक्ष को नए महापौर के पदभार ग्रहण करने के लिए तैयार किया जा रहा है। बता दें कि शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेयर पद के लिए मतदान होगा। मतदान खत्म होने के तुरंत बाद मतगणना शुरू होगी। इसके बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। मेयर पद के लिए भाजपा के सुनील कोठारी और कांग्रेस की सुनीता मावर आमने-सामने हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब दोनों ही प्रत्याशी मैदान में हैं। इसे लेकर भाजपा पार्षदों को पुष्कर से जयपुर के बगरू के रिसोर्ट में शिफ्ट कर दिया गया है। चुनाव परिणाम आने के बाद शुक्रवार को नए मेयर का नाम साफ हो जाएगा। इसके बाद मेयर के पदभार ग्रहण की तैयारी शुरू होगी। ऐसे में लंबे समय से खाली पड़े मेयर कक्ष में अब नए महापौर के आने का इंतजार है।

जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में भाजपा के 78, कांग्रेस के 57 और निर्दलीय 15 पार्षद हैं। मेयर चुनाव में बहुमत का आंकड़ा 76 है। संख्या बल के लिहाज से भाजपा के पास बहुमत से दो सीट ज्यादा हैं, जबकि कांग्रेस के पास 57 पार्षद हैं। वहीं 15 निर्दलीय पार्षद दोनों प्रमुख दलों के लिए अहम माने जा रहे हैं। हालांकि मेयर का चुनाव पार्षदों के मतदान से होगा। ऐसे में सिर्फ संख्या बल ही पूरी तस्वीर तय नहीं करता। दोनों दलों ने अपने-अपने पार्षदों को एकजुट रखने के लिए बाड़ेबंदी की। अब शुक्रवार को सभी पार्षद नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर मतदान करेंगे। मतदान के बाद मतगणना में साफ होगा कि किस प्रत्याशी को कितने वोट मिले। मेयर पद के लिए भाजपा ने वार्ड 112 से पार्षद सुनील कोठारी को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने वार्ड 118 से पार्षद सुनीता मावर को प्रत्याशी बनाया है। नाम वापसी के अंतिम दिन दो अन्य प्रत्याशियों के नाम वापस लेने के बाद मुकाबला अब पूरी तरह भाजपा और कांग्रेस के बीच रह गया है। सुनील कोठारी भाजपा के पूर्व जयपुर शहर अध्यक्ष रह चुके हैं। संगठन में कई जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। वार्ड 112 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी आशीष शर्मा को 905 वोटों से हराया था। अब पार्टी ने संगठन के पुराने चेहरे को शहर की सबसे बड़ी स्थानीय राजनीतिक कुर्सी के लिए मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने वार्ड 118 की पार्षद सुनीता मावर को प्रत्याशी बनाया है। वे लंबे समय से जयपुर की स्थानीय राजनीति में सक्रिय हैं। कांग्रेस ने उनके जरिए भाजपा के सामने सीधी चुनौती पेश की है।

### शनिवार को डिप्टी मेयर के लिए चुनाव

जयपुर नगर निगम में शुक्रवार को मेयर का चुनाव होने के बाद 26 सितंबर को डिप्टी मेयर का चुनाव होगा। ऐसे में अगले दो दिन नगर निगम की नई सत्ता का समीकरण साफ हो जाएगा। मेयर की कुर्सी के मुकाबला के बाद भाजपा और कांग्रेस की नजर डिप्टी मेयर के पद पर रहेगी।



# जैसलमेर में पानी के लिए किसानों का फूटा गुस्सा: नहर के पास धरना



जूम न्यूज़ • जैसलमेर

जैसलमेर जोन में सिंचाई पानी की पर्याप्त सप्लाई की मांग को लेकर किसानों ने बुधवार, 24 सितंबर को मोहनगढ़ स्थित नहर के जीरो हेड पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।

जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग की ओर से तय अल्टीमेटम की अवधि 23 सितंबर को समाप्त होने के बाद किसानों ने आंदोलन शुरू किया। किसानों का कहना है कि उनके हिस्से का पानी पीछे के जोनों में मोड़ा जा रहा है, जिससे खरीफ की फसलें बर्बाद हो रही हैं। किसान नेता साभान खान ने बताया कि सिंचाई विभाग की कार्यशैली के कारण जैसलमेर जोन के किसानों को उनके हिस्से का पूरा पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि फसलों को बचाने के लिए कम से कम निर्धारित शेयर और क्षतिपूर्ति का पूरा पानी एकसाथ मिलना जरूरी है, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। किसानों के अनुसार पानी की भारी किल्लत के कारण मूंग, मोठ और मूंगफली जैसी प्रमुख फसलें करीब 70 प्रतिशत तक सूख चुकी हैं। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

**मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन होगा तेज:** धरना स्थल पर किसानों ने कहा कि जब तक नहरों में सिंचाई पानी की सुचारू आपूर्ति शुरू नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और नहर प्रशासन की होगी।

### कोटा में युवक ने फंदा लगा किया सुसाइड

**कोटा**। बुधवार दोपहर में मामूली बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हुई, जिसके बाद देर रात को पति ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया, जहां से पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। हालांकि, अभी मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस मर्ग दर्ज कर जांच में जुट गई है। मृतक ओमप्रकाश (20) रानापुर थाना इलाके के देवनारायण आवासीय योजना का रहने वाला था। ओमप्रकाश दूध बेचने का काम करता था। बुधवार दोपहर को पत्नी से मामूली कहासुनी हुई थी।

# अलवर: थाने के सामने युवक की पीट-पीटकर की हत्या, पत्थर से सिर कुचला

### बाइक का टायर खरीदने बाजार आया था; लोगों ने रास्ता जाम किया

जूम न्यूज़ • अलवर

अलवर के बड़ौदामेव में गुरुवार सुबह 10 बजे थाने के सामने युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। बड़ा वास निवासी सेकून खान (40) पुत्र नसरू खान बाइक का टायर खरीदने बाजार आया था। अपने गांव के नूर मोहम्मद को बैंक में छोड़कर थाने के सामने से निकल रहा था। इसी दौरान हर्ष मूर्तिकार आया और बाइक सवार सेकून को नीचे गिरा दिया और उसके सिर पर सड़क पर पड़े पत्थर से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को तुरंत पकड़ लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी मानसिक रूप से कमजोर है।



हत्या से गुस्साए लोग अलवर जिला हॉस्पिटल और बड़ौदामेव थाने के सामने प्रदर्शन करने लगे। अलवर-भरतपुर रोड पर भी जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारी बड़ौदामेव थाने के SHO को सस्पेंड करने और मृतक आश्रितों को मुआवजा देने की मांग करने लगे। इस दौरान लोगों ने पुलिस से धक्का-मुक्की की। दिनभर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत का दौर चला, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बन पाई। आखिरकार रात 9 बजे सहमति बन गई। इसके बाद अलवर शहर और बड़ौदामेव में चल रहा धरना खत्म हो गया।

# 3 हॉस्पिटलों की कैंटिन-मैस में फूड सेफ्टी टीमों ने की छापेमारी: खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल, लैब भेजे

### निजी कॉलेज में बिना पैकिंग-एक्सपायरी डेट के फूड प्रोडक्ट मिले

जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर सीएमएचओ की फूड सेफ्टी टीम ने गुरुवार को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर छापेमारी की। टीम ने अलग-अलग सरकारी-प्राइवेट हॉस्पिटलों समेत शैक्षणिक संस्थानों में जांच अभियान चलाया। टीमों ने हॉस्पिटलों की कैंटिन, मैस और इनके बाहर संचालित ढाबों, फूड स्टॉल्स का दौरा कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। वहीं, इस दौरान एक निजी यूनिवर्सिटी की कैंटिन में बिना पैकिंग और एक्सपायरी डेट के फूड प्रोडक्ट के डिब्बे मिले, जिन्हें जांच के लिए लिया गया।

CMHO जयपुर सेकेंड डॉ. मनीष मित्तल ने बताया- प्रताप नगर स्थित RUHS हॉस्पिटल में चल रही कैंटिन का दौरा कर वहां से चना दाल, रिफाइंड सोयाबीन तेल सैंपल लिए। इसके बाद टीम ने सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी हॉस्पिटल जाकर वहां मौजूद कैंटीन में मरीजों और उनके परिजनों के लिए बनाई जा रही सब्जी की ग्रेवी और पनीर के सैंपल लिए। इसी तरह टीम ने प्रताप नगर स्थित नारायणा हॉस्पिटल से पनीर के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भिजवाए। एक अन्य कार्रवाई में एक निजी यूनिवर्सिटी में भोजन की गुणवत्ता अच्छी नहीं होने के संबंध में कार्यालय के कंट्रोल रूम पर मिली शिकायत पर मैस की किचन का निरीक्षण किया। जहां कुछ खाद्य पदार्थों के पैकेट्स पर पैकिंग डेट और एक्सपायरी डेट अंकित नहीं थी। सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई। गुणवत्ता में कमी का अंदेशा होने पर पनीर का एक नमूना जांच के लिए लेकर सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए हिदायत दी।

### राईकाबाग रेलवे-स्टेशन के पास बुजुर्ग ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**। राईकाबाग रेलवे स्टेशन टैक्सी स्टैंड के पास गुरुवार को एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर शव को कब्जे में लिया।

पुलिस के अनुसार- मृतक की पहचान लोहावट निवासी पन्ने सिंह (65) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पन्ने सिंह ने स्टेशन परिसर में दीवार पर लगी जाली से कपड़े का फंदा लगाकर आत्महत्या की। घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। स्टेशन परिसर में शव मिलने की सूचना से कुछ समय के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जीआरपी ने शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस अब मृतक के परिजनों से संपर्क करने में जुटी है।

# दिल्ली से चुराई स्कॉर्पियो में नशे की तस्करी: तस्करों ने टोल के पास घेराबंदी में चेतक वाहन को टक्कर मारी

### तस्कर फरार, 374 किलो डोडा जब्त

जूम न्यूज़ • जोधपुर

जोधपुर की डांगियावास थाना पुलिस ने डोडा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 373.91 किलो डोडा पोस्त पकड़ा। नशे की तस्करी के लिए दिल्ली से चोरी की गई स्कॉर्पियो का इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस ने टोल के पास वाहन को रोकने के लिए घेराबंदी की तो तस्करों ने पुलिस की जीप को टक्कर मार दी और मौके से भाग गए। तलाशी में स्कॉर्पियो से 374 किलो डोडा बरामद हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार तस्करों की तलाश में जुट गई है। दरअसल, तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए नई दिल्ली के केशवपुरम से चोरी की गई स्कॉर्पियो पर फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी थी। पुलिस ने गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो ड्राइवर ने रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की। पीछा करने के दौरान टोल के पास तस्करों ने पुलिस की चेतक जीप को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान एयरबैग खुलने से पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इसके बाद स्कॉर्पियो का ड्राइवर और उसके साथ बैठा तस्कर स्कॉर्पियो छोड़ अंधेरे में फरार हो गए।



डांगियावास थाना सीआई राजूराम काला के अनुसार, पिछले करीब 15 दिनों से स्कॉर्पियो में डोडा पोस्त की खेप आने की सूचना मिल रही थी। बुधवार रात गश्त के दौरान संदिग्ध स्कॉर्पियो नजर आने पर उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन ड्राइवर ने गाड़ी की स्पीड़ बढ़ा दी। बाईपास टोल पर नाकाबंदी देखकर चालक ने करीब 500 मीटर पहले डोलिया की तरफ गाड़ी मोड़ दी।

पुलिस टीम ने पीछा किया तो स्कॉर्पियो ने चेतक जीप को जोर से टक्कर मार दी। आगे चलकर तस्कर अंधेरा होने स्कॉर्पियो छोड़कर भाग छूटे। थाने के एएसआई परमेश्वरलाल, हेड कॉन्स्टेबल सुभाषचंद, छोटाराम, कॉन्स्टेबल अनिल, रिछपाल, जितेंद्र सिंह, हुकमाराम, सुनील, राजेंद्र, महेंद्र, सुरजाराम सहित अन्य जवानों द्वारा तलाशी में स्कॉर्पियो के अंदर 19 प्लास्टिक कट्टों में 373.91 किलो डोडा पोस्त मिला। इसकी अनुमानतित कीमत करीब 70 लाख है।

### दूदू में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू: 58 टीमों के 695 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम; समापन 26 को होगा



**दूदू**। 70वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू हो गई है। 19 वर्ष बालक वर्ग की यह चार दिवसीय प्रतियोगिता पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूदू के खेल मैदान में चल रही है। इसमें जिले की 58 टीमों के 695 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुरू होते ही खेल मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह साफ दिखा। अलग-अलग स्कूलों से आए खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई। खिलाड़ियों की फुर्ती, ताकत और रणनीति देखने को मिल रही है। प्रतियोगिता 26 तक चलेगी।

# किसान सीख रहे गुर: 50 मास्टर ट्रेनर देश में पहुंचाएंगे प्राकृतिक खेती की तकनीक

जूम न्यूज़ • जयपुर

खेतों की बिगड़ती सेहत और बढ़ती खेती लागत के बीच किसान अब प्राकृतिक खेती की ओर लौट रहे हैं। इसी बदलाव के लिए जयपुर में देशभर से आए प्रतिभागियों ने प्राकृतिक खेती के गुर सीखे। करीब 50 मास्टर ट्रेनर तैयार हुए। ये प्रशिक्षक अब अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीक सिखाएंगे।

जयपुर जिले के अजमेर रोड पर भैराना-बिचून स्थित रुद्र शिवम डेयरी और नेचुरल रिसर्च सेंटर में तीन दिवसीय प्राकृतिक खेती और डेयरी फार्मिंग मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और गुजरात सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का मुख्य संदेश रहा कि जल, जंगल, जमीन, जन और जानवर बचेंगे, तभी गांव बचेगा। विशेषज्ञों ने कहा- प्राकृतिक खेती केवल रासायनिक खाद और कीटनाशकों से दूरी बनाने की पद्धति नहीं है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, पानी बचाने, पशुधन को खेती से जोड़ने और किसान की आय को टिकाऊ बनाने की समग्र व्यवस्था है। प्रशिक्षण के दौरान प्राकृतिक खेती, मिट्टी के स्वास्थ्य, डेयरी प्रबंधन, पशुपालन और ग्रामीण आजीविका से जुड़े विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग, जल संरक्षण, मिट्टी को जीवंत बनाए रखने और देसी पशुधन को खेती का हिस्सा बनाने पर विशेष जोर दिया।



### प्राकृतिक खेती की तकनीक की दी जानकारी

इंजीनियर रत्नेश शर्मा, तानाजी निकम, मनवीर रेढ़ू, कान सिंह निर्वाण, सुरेंद्र अवाना और डॉ. विनोद चौधरी ने विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण के बाद तैयार हुए 50 मास्टर ट्रेनर अब अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों से सीधे जुड़कर प्राकृतिक खेती की तकनीक और इसके व्यावहारिक लाभों की जानकारी देंगे। आयोजकों के अनुसार- प्राकृतिक खेती का उद्देश्य केवल खेती की पद्धति में बदलाव करना नहीं, बल्कि किसान, पशुधन, मिट्टी और गांव की अर्थव्यवस्था को प्रकृति के साथ फिर से जोड़ना है। जयपुर में तैयार किए गए ये मास्टर ट्रेनर इस अभियान को खेत-खेत तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के आयोजन एवं समन्वय में सुरेंद्र अवाना, भिकम चंद चौहान, सुनील दत्त खरगल और दीपक एस. राघव की प्रमुख भूमिका रही।

भारतीय नौसेना विदेश में दिखाएगी अपनी ताकत

# 24वें भारत-फ्रांस समुद्री अभ्यास 'वरुण' में भाग लेने फ्रांस पहुंचा आईएनएस त्रिशूल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईएनएस त्रिशूल भारतीय नौसेना और फ्रांसीसी नौसेना के बीच चौबीसवें समुद्री अभ्यास 'वरुण' में भाग लेने के लिए फ्रांस के टूलॉन पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वरुणा भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच होने वाला नियमित द्विपक्षीय अभ्यास है। इस अभ्यास में बंदरगाह और समुद्र में पेशेवर गतिविधियां होंगी। इनमें क्रॉस-डेक दौरे, परिचालन संबंधी बातचीत और खेल गतिविधियां शामिल हैं।

इस अभ्यास में बंदरगाह और समुद्र में पेशेवर गतिविधियां होंगी। इनमें क्रॉस-डेक दौरे, परिचालन संबंधी बातचीत और खेल गतिविधियां शामिल हैं

◀ दोनों देशों की नौसेना अनुभव साझा करेंगी

◀ आपसी समझ को बढ़ावा देने का अवसर


आईएनएस त्रिशूल

## नौसैनिक साझेदारी को नई मजबूती

भारतीय नौसेना का आईएनएस त्रिशूल गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है जिसका पेनेंट नंबर एफ43 है। यह पोत 22 सितंबर को फ्रांस के टूलॉन नौसैनिक अड्डे पर पहुंचा, जहां भारत-फ्रांस द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास वरुणा का 24वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। यह अभ्यास दोनों देशों के बीच समुद्री क्षेत्र में बढ़ती रक्षा साझेदारी और परिचालन तालमेल का महत्वपूर्ण संकेत माना जाता है।

## रक्षा सहयोग का स्थायी मंच

मंत्रालय ने कहा कि इस अभ्यास की शुरुआत 1983 में हुई थी, जबकि 'वरुण' नाम 2001 में अपनाया गया। समय के साथ यह अभ्यास भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग का एक स्थायी और भरोसेमंद मंच बन गया है। यह दौरा भारत और फ्रांस के बीच बढ़ती समुद्री साझेदारी को रेखांकित करता है।



## आधुनिक प्रणालियों से लैस

हाल के वर्षों में आईएनएस त्रिशूल पोत में कई बड़े उन्नयन किए गए हैं। इनमें पुराने रूसी प्रणालियों को हटाकर आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिससे इसकी युद्धक क्षमता और निगरानी क्षमता दोनों में सुधार हुआ है। जहाज पर मौजूद प्रमुख आधुनिक प्रणालियों में ब्रह्मोस यूवीएलएम, एटलस इलेक्ट्रॉनिक एसटीएएस स्टर्न-माउंटेड सोनार और नया एंटी-टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम शामिल हैं। ये प्रणालियां सतही युद्ध, पानी के भीतर लक्ष्य पहचान और टॉरपीडो से बचाव जैसी क्षमताओं से जुड़ी हैं।

## टूलॉन भूमध्यसागर तट पर अहम नौसैनिक केंद्र

भारत और फ्रांस हिंद महासागर से लेकर भूमध्यसागर तक नियमित नौसैनिक अभ्यास करते रहे हैं। फ्रांस का टूलॉन बंदरगाह भूमध्यसागर तट पर स्थित एक प्रमुख नौसैनिक अड्डा है और फ्रांसीसी नौसैनिक संचालन का अहम केंद्र माना जाता है।

---

## खबर संक्षेप

### ट्रेनी विमान की सूझबूझ से हुई सुरक्षित लैंडिंग

**अजमेर।** किशनगढ़ एयरपोर्ट पर एक ट्रेनी विमान के टायर में डैमेज होने की सूचना के बाद एयरपोर्ट पर



इमरजेंसी अलर्ट जारी किया गया। विमान में तकनीकी खराबी की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन और संबंधित एजेंसियां सतर्क हो गई। ट्रेनी विमान के टायर में खराबी आ गई थी। विमान में उस समय पर्याप्त मात्रा में ईंधन मौजूद था। ऐसे में पायलट ने तत्काल लैंडिंग करने के बजाए विमान को कुछ समय तक आसमान में चक्कर लगाकर उड़ाया ताकि ईंधन की मात्रा कम की जा सके। इस दौरान एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की पूरी तैयारियां की गईं।

### रूस का यूक्रेन पर हमला 8 की मौत, 12 घायल

**कीव।** यूक्रेन में रूस के हमले लगातार जारी हैं। गुरुवार को रूस ने ड्रोन और मिसाइलों से यूक्रेन के



कई इलाकों को निशाना बनाया। यूक्रेन के मुताबिक, हमलों में कम से कम 8 लोगों की मौत हुई है। खारकीव क्षेत्र में एक कृषि स्थल पर हुए हमले में 6 लोगों की मौत हुई, जबकि 12 लोग घायल बताए गए हैं। राजधानी कीव में भी 2 लोगों की मौत हुई। कीव में हुए हमले से 50 से ज्यादा नागरिक ठिकानों को नुकसान पहुंचा। इनमें रिहायशी इमारतें, डाकघर, एक प्रसूति अस्पताल और एक कपड़ा कारखाना शामिल हैं।

### तुर्किये में 5.1 की तीव्रता का भूकंप, सभी सुरक्षित

**अंकारा।** यूरोपियन मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर के मुताबिक, गुरुवार को पूर्वी तुर्किये में भूकंप



आया, जिसकी तीव्रता 5.1 थी। भूकंप का केंद्र 10 किमी की गहराई में था। यह भूकंप गुरुवार को साउथ-ईस्ट तुर्किये के शहरों में आया। राहत की बात है किसी बड़े नुकसान या किसी को चोट की खबर नहीं आई है। भूकंप सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर आया था। भूकंप का केंद्र सानलिउर्फा शहर के ठीक नॉर्थ में था। फिलहाल किसी बुरे प्रभाव की खबर नहीं है। भूकंप प्रभावित क्षेत्र सानलिउर्फा प्रांत के लोगों का कहना है कि भूकंप उन्होंने तेजी से महसूस किया।

---

न्यूयॉर्क में भारत-केरीकॉम बैठक

# आतंकवाद रोधी उपायों पर सहयोग को लेकर हुई चर्चा


केरीकॉम नेताओं के साथ जयशंकर

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

न्यूयॉर्क में 81वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के दौरान भारत-केरीकॉम विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इसमें संयुक्त राष्ट्र में सुधार, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद-रोधी उपायों और सीमा-पार अपराधों जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने की चर्चा की गई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और सूरीनाम के विदेश, अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं सहयोग मंत्री मेल्विन डब्ल्यू.जे. बौवा ने संयुक्त रूप से बैठक की अध्यक्षता की। इसमें बारबाडोस, डोमिनिका, बहामास, गुयाना, जमैका, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनाडाइन्स, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, सूरीनाम, हैती, सेंट लूसिया, सेंट किट्स एंड नेविस तथा एंटीगुआ एंड बारबुडा के विदेश मंत्री शामिल हुए।

■ जलवायु परिवर्तन और सीमा पार अपराधों पर करेंगे सहयोग

### यूएनएससी में भारत की उम्मीदवारी का समर्थन

बैठक का अहम नतीजा यह रहा कि केरीकॉम ने 2028-29 कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करने का फैसला किया। केरीकॉम सह-अध्यक्ष ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सदस्यों को उनके भरोसे और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया तथा भरोसा दिलाया कि भारत ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज बना रहेगा। डॉ. एस. जयशंकर ने कैरिबियाई देशों के साथ भारत की विकास साझेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कई देशों में एसएमई और विवक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट्स पूरे हो चुके हैं, जबकि कुछ पर काम जारी है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कृत्रिम अंग लगाने के कैंप, हीमोडायलिसिस यूनिट्स और कॉम्पैक्ट मेडिकल 'भीष्म क्यूब' यूनिट्स उपलब्ध कराने का जिक्र किया। उन्होंने आर्थिक, डिजिटल और मोबिलिटी क्षेत्रों में संबंधों को और गहरा करने की जरूरत पर जोर दिया। आपसी प्रतिबद्धता दोहराई।

### 23 देशों का समूह है कैरिबियन

कैरिबियन कम्युनिटी (केरिकॉम) 23 देशों का एक समूह है। इसमें 15 सदस्य देश और 8 सहयोगी सदस्य शामिल हैं। 15 सदस्य देशों में एंटीगुआ और बारबुडा, बहामास, बारबाडोस, बेलीज, डोमिनिका, ग्रेनाडा, गुयाना, हैती, जमैका, मॉन्टसेराट (ब्रिटिश क्षेत्र), सेंट लूसिया, सेंट किट्स और नेविससेंट, विंसेंट और ग्रेनेडाइन्स, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो हैं। 8 सहयोगी सदस्यों में मुख्य रूप से ब्रिटिश विदेशी क्षेत्र शामिल हैं:- अंगुइला, बरमूडा, ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह, केमैन द्वीप समूह, टर्क्स और कैकोस द्वीप समूह शामिल हैं। ये लोग मुख्य रूप से मूल निवासी, अफ्रीकी, भारतीय, यूरोपीय, चीनी, पुर्तगाली और जावानीस जैसे जातीय समूहों से हैं।

---

10 साल बाद वॉशिंगटन पहुंचने पर शी जिनपिंग ने दिया संदेश

# चीन-यूएस को प्रतिद्वंद्वी नहीं, साझेदार बनना चाहिए, दोनों दुनिया के कल्याण में दें योगदान

*शी जिनपिंग ने कहा कि चीनी राष्ट्र का महान पुनरुत्थान और अमेरिका को फिर महान बनाने का लक्ष्य साथ-साथ आगे बढ़ सकता है। दोनों देश एक-दूसरे की सफलता में मदद कर सकते हैं और पूरी दुनिया के कल्याण को आगे बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को वॉशिंगटन पहुंचने के बाद चीन और अमेरिका के रिश्तों को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, साझेदार बनना चाहिए। शी ने भरोसा जताया कि बदलते दौर में चीन और अमेरिका आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने का सही रास्ता निकाल सकते हैं।

शी जिनपिंग की यह 2015 के बाद पहली वॉशिंगटन यात्रा बताई गई है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपनी पत्नी पेंग लियुआन का हाथ पकड़े हुए जब विमान से नीचे उतरे तो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप के साथ ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शी जिनपिंग के स्वागत में करीब 100 फीट लंबा रेड कारपेट बिछाया गया और दो बी-1 बॉम्बर विमानों ने आसमान से दोनों नेताओं को सलामी दी। साथ ही दोनों देशों के राष्ट्रगान के बीच अमेरिकी सेना के 479 सैनिकों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वर्ष 1962 के बाद यह पहली बार है, जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य अड्डे पर व्यक्तिगत रूप से किसी विदेशी नेता का स्वागत किया है। 1962 में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी ने ब्रिटिश पीएम हेरोल्ड मैकमिलन का स्वागत किया था।

» स्वागत में 100 फीट का रेड कार्पेट, ट्रंप ने सभी प्रोटोकॉल तोड़े

» ट्रंप ने शी जिनपिंग के ऊपर से उड़वाया बी-1 लैंसर बॉम्बर

» व्यापार शुल्क, एआई और सैन्य संबंध पर होगी चर्चा


शी जिनपिंग का राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया स्वागत करते हुए

### दोनों देशों के हित गहराई से जुड़े

शी जिनपिंग ने अपने लिखित संबोधन में अमेरिकी जनता को चीनी लोगों की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चीन और अमेरिका दोनों महान देश हैं और दोनों देशों के लोग भी महान हैं। शी ने कहा कि चीन और अमेरिका के लोगों के बीच लंबे समय से मैत्रीपूर्ण संपर्क रहे हैं और दोनों देशों के हित आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि चीन और अमेरिका को एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बजाय साझेदारी के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्र का महान पुनरुत्थान और अमेरिका को फिर महान बनाने का लक्ष्य साथ-साथ आगे बढ़ सकता है। दोनों देश एक-दूसरे की सफलता में मदद कर सकते हैं और पूरी दुनिया के कल्याण को आगे बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं।

### अमेरिका-चीन व्यापार युद्धविराम 10 जनवरी तक बढ़ा

अमेरिका और चीन ने अपने व्यापार युद्धविराम को 10 जनवरी तक बढ़ाने पर सहमति जताई है। यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अहम मुलाकात से पहले सामने आया। इसके तहत अमेरिका कुछ शुल्क और प्रतिबंधों को फिलहाल निलंबित रखेगा, जबकि चीन अमेरिकी कंपनियों के लिए जरूरी दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति जारी रखेगा। शी के पहुंचने के कुछ ही समय बाद अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बताया कि दोनों देशों ने उस व्यापार व्यवस्था को 10 जनवरी तक बढ़ाने पर सहमति बनाई है, जो पहले 10 नवंबर को समाप्त होने वाली थी।



### ट्रंप के साथ गहन बातचीत की जताई उम्मीद

शी जिनपिंग ने कहा कि वह डोनाल्ड ट्रंप के साथ चीन-अमेरिका संबंधों और वैश्विक परिस्थितियों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर गहन बातचीत की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच रणनीतिक स्थिरता वाले रचनात्मक संबंधों को और मजबूत करने एवं विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क और सहयोग बढ़ाने की बात कही।

### शी के सम्मान में दिया रात्रिभोज

राष्ट्रपति ट्रंप ने शी जिनपिंग के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज दिया। इस भोज में तकनीक और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े बड़े लोग शामिल हुए। व्हाइट हाउस के अनुसार, रात्रिभोज में शामिल होने वाले लोगों में अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस, टेस्ला और स्पेसएक्स के एलन मस्क, गूगल के सुंदर पिचाई, डेल टेक्नोलॉजीज के सीईओ माइकल डेल, एनवीडिया के जेंसन हुआंग, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, एपल के टिम कुक, सिटीग्रुप की सीईओ जेन फ्रेजर भी शामिल हुईं। आज शी और पेंग लियुआन फिर व्हाइट हाउस आएंगे। वे ट्रंप दंपती के साथ निजी चाय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद ट्रंप दंपती उन्हें नेशनल आर्काइव्स का दौरा कराएंगे। यहां अमेरिका के इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पुराने दस्तावेज रखे हैं। अमेरिका अपनी 250वीं वर्षगांठ मना रहा है।

---

यूएन सुरक्षा परिषद में टेक कंपनियों ने जताई चिंता

# एआई पर वैश्विक नियम बनाने की मांग मानवता के लिए बताया बड़ा 'खतरा'

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

दुनिया की प्रमुख कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कंपनियों के प्रमुखों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से एआई के तेजी से बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए वैश्विक सुरक्षा उपाय बनाने की अपील की है। एंट्रोपिक के सीईओ डारियो अमोडेई और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने चेतावनी दी कि अगर एआई का विकास और इस्तेमाल सही तरीके से नियंत्रित नहीं हुआ, तो इससे इंसानों और पूरी मानवता के लिए गंभीर जोखिम पैदा हो सकते हैं।


अमोडेई और ऑल्टमैन

### किसी एक देश या कंपनी को न दें ताकत

एआई कंपनियों के प्रमुखों ने यह भी कहा कि एआई की ताकत किसी एक कंपनी या देश के हाथ में केंद्रित नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने एआई के संभावित फायदों पर भी जोर दिया और कहा कि इस तकनीक का इस्तेमाल लोगों को अपने जीवन से जुड़े फैसलों पर अधिक नियंत्रण देने के लिए किया जा सकता है। हालांकि, अमेरिका ने एआई के विकास को रोकने या इसके लिए नई वैश्विक शासन व्यवस्था बनाने के विचार का विरोध किया।

### इंसानों का नियंत्रण खत्म होने का खतरा

अमोडेई ने कहा कि अगर एआई का प्रबंधन ठीक से नहीं किया गया तो यह पूरी मानवता के लिए खतरा बन सकता है। ऑल्टमैन ने भी कहा कि एआई के कारण भविष्य पर इंसानों का नियंत्रण खत्म होने का जोखिम है। दोनों ने कहा कि दुनिया के देशों को मिलकर ऐसे सुरक्षा उपाय तय करने होंगे, जिससे एआई की क्षमताएं इतनी आगे न बढ़ जाएं कि उन्हें नियंत्रित करना मुश्किल हो जाए।

---

ऑस्ट्रेलिया पीएम अल्बनीज का दावा

# ओपनएआई के एआई एजेंट ने सरकारी वेबसाइट में लगाई सेंध

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि ओपनएआई द्वारा विकसित एक एआई एजेंट ने जून में सरकारी स्वास्थ्य डेटा पोर्टल में अनधिकृत तरीके से प्रवेश किया और वहां मौजूद कुछ फाइलों तक पहुंच बनाई।

इसे सरकारी वेबसाइट में एआई एजेंट द्वारा सेंध लगाए जाने का पहला ज्ञात मामला बताया जा रहा है। पीएम एंथनी अल्बनीज ने बताया कि एआई एजेंट ने ऑस्ट्रेलिया की सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा व्यवस्था 'मेडीकेयर' के चिकित्सा आंकड़ों वाले पोर्टल तक अनधिकृत पहुंच बनाई। यह एजेंट सार्वजनिक चिकित्सा खर्च से जुड़े आंकड़ों पर शोध कर रहा था। हालांकि, ओपनएआई ने कहा कि उसकी जांच में मरीजों के रिकॉर्ड तक पहुंचने का कोई सबूत नहीं मिला।


पीएम अल्बनीज पत्रकारों से चर्चा करते हुए

---

भारतीय-अमेरिका युद्ध अभ्यास 2026

# महाजन फायरिंग रेंज पहुंचे अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज पहुंचे हैं। यहां भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच 'युद्ध अभ्यास 2026' चल रहा है। यह दोनों देशों के बीच युद्ध अभ्यास का 22वां संस्करण है।

भारत में यह अभ्यास उत्तराखंड के बर्फीले पहाड़ी क्षेत्र औली व राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में एक साथ हो रहा है। अभ्यास में भारत और अमेरिका के कुल 1200 सैन्यकर्मी शामिल हैं। अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर गुरुवार को जानकारी साझा करते हुए बताया कि वह 'युद्ध अभ्यास 2026' के लिए यहां महाजन फील्ड फायरिंग रेंज पहुंचे। सर्जियो गोर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हो रहा, 'युद्ध अभ्यास 2026' भारत के सबसे बड़े द्विपक्षीय रक्षा अभ्यास में से है।


सैनिकों के साथ सर्जियो गोर

---

जीरो एमके इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बनाएगी डाइल्यूशन रेफ्रिजरेटर

# आयातित क्रायोजेनिक पर कम होगी निर्भरता, डीआरडीओ ने की डील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत जल्द ही देश के भीतर क्वांटम प्रौद्योगिकी, उन्नत क्रायोजेनिक्स और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। इसे लेकर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान (डीआरडीओ) ने 500 करोड़ रुपए वाली प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) की मदद से 20 मिलीकेल्विन श्रेणी के डाइल्यूशन रेफ्रिजरेटर को स्वदेश में विकसित करने के लिए राजस्थान के अलवर स्थित उद्योग (स्टार्टअप) जीरो एमके इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।


कपिल बंसल और निधि बंसल एमओयू के साथ

### टीडीएफ और कंपनी के बीच हुए हस्ताक्षर

रक्षा मंत्रालय की यह पहली डीप-टेक परियोजना है। जिसे लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, उद्योग जगत सहित सभी हितधारकों को बधाई दी है। समझौते पर दिल्ली में टीडीएफ की निदेशक श्रीमती निधि बंसल और कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक कपिल बंसल के बीच हस्ताक्षर किए गए हैं।

### *डाइल्यूशन रेफ्रिजरेटर प्रणाली का महत्व*

*मंत्रालय ने बताया कि यह डाइल्यूशन रेफ्रिजरेटर एक विशेष क्रायोजेनिक प्रणालिया हैं। जो मिलीकेल्विन स्तर पर बेहद कम तापमान प्राप्त करने के योग्य होती हैं। ऐसा वातावरण आमतौर पर कई क्वांटम कंप्यूटिंग प्लेटफार्म और इससे जुड़ी हुई प्रौद्योगिकियों के संचालन, परीक्षण के लिए जरूरी होता है। एक बार इस उत्पाद के भारत में सफलता के साथ बनकर तैयार होने के बाद विदेशों पर निर्भरता कम होगी। इसके अलावा घरेलू क्वांटम प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूती मिलेगी।*

### रक्षा मंत्री राजनाथ ने दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, रक्षा उद्योग जगत और इस महत्वपूर्ण परियोजना से जुड़े सभी हितधारकों की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में डीआरडीओ और रक्षा उद्योग जगत के बीच भविष्य के सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मिसाल कायम करेगी। रक्षा सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने इस पहल से जुड़ी टीमों को बधाई देते हुए परियोजना के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

---

यूएनजीए के सत्र से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रखा अपना पक्ष

# भारत सहित 46 देशों को चेतावनी, रूस के लिए अपने नागरिकों को 'कुर्बान' नहीं करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 81वें सत्र से ठीक पहले अपने संबोधन में जेलेंस्की ने भारत सहित दुनिया के कुल 47 देशों का नाम के साथ उल्लेख करते हुए उन्हें चेतावनी दी है कि वो यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में अपने देश के लोगों को रूस के लिए लड़ने के लिए न भेजें। इसे लेकर पहले ही जरूरी कदम उठाए जाने की दरकार है। उधर, रूस शनिवार को महासभा के मंच पर अपने विचार रखेगा। जिसमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव यूएनजीए को संबोधित करेंगे।


वोलोदिमीर जेलेंस्की

### पुतिन द्वारा इस जंग में घसीटे जाने से बचें

उन्होंने नई दिल्ली के अलावा नेपाल, घाना, जिम्बाब्वे, यमन, केन्या, क्यूबा, ताजिकिस्तान, बेलारूस, दक्षिण-अफ्रीका और सूडान जैसे 46 अन्य देशों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आपको हमारे बीच चल रही इस लड़ाई में शामिल करने की कोशिश मात्र है। जिसे किसी को भी पूरा नहीं होने देना चाहिए। आप सभी को अपने नागरिकों को युद्ध के मैदान तक पहुंचने से पहले ही रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की आवश्यकता है।

### रूस से जारी व्यापार पर भी चोट करें

जेलेंस्की ने कहा कि रूस के राजस्व प्राप्ति के स्रोतों को सीमित करने की भी जरूरत है। जिसका बड़ा माध्यम व्यापार है। जब कोई व्यापार के जरिए रूस को बड़ी मात्रा में वित्तीय धनराशि प्रदान करता है। तो उसकी मदद से कहीं न कहीं ये युद्ध लंबा खिंचता है।

# भारत को चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में रजत, सीमा ने 10 हजार मीटर में कांस्य जीता




एजेंसी ▸▸ नागोया

भारत ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में रजत पदक जीता जबकि सीमा कुमारी ने महिलाओं की 10 हजार मीटर दौड़ के फाइनल में देश को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाया। पूवम्मा राजू, विशाल थेन्नारासु, विथ्या रामराज और मनु टीएस की चौकड़ी ने तीन मिनट 14.46 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। इसके साथ ही भारत ने 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में जीता अपना रजत पदक बरकरार रखा। विथ्या रामराज ने अंतिम चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बहरीन ने तीन मिनट 12.87 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।



## सीमा ने खत्म किया 16 साल का सूखा

महिलाओं की 10 हजार मीटर स्पर्धा में सीमा ने 32 मिनट 50.05 सेकेंड का समय निकाला। सीमा ने कड़े मुकाबले में 16 साल के अंतराल के बाद इस स्पर्धा में भारत को पदक दिलाया। एशियाई खेलों की इस स्पर्धा में यह भारत का अब तक का केवल तीसरा पदक है।

# रोशिबिना देवी ने वुशु में जीता रजत लगातार तीसरी बार हासिल किया पदक

एजेंसी ▸▸ नागोया

भारतीय टीम में शुरुआती तौर पर जगह नहीं मिलने के बावजूद किस्मत ने रोशिबिना देवी का साथ दिया और मणिपुर की 25 वर्षीय वुशु खिलाड़ी ने बृहस्पतिवार को महिलाओं की 60 किग्रा 'सांडा' स्पर्धा में रजत पदक जीतकर लगातार तीसरे एशियाई खेलों में पदक हासिल किया।

फाइनल में उन्हें चीन की झांग शियाओयू से हार का सामना करना पड़ा। पिछले एशियाई खेलों में रजत और 2018 के खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली रोशिबिना ने 2026 के खेलों में भी रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया।



### ऐसा रहा रोमांचाक मुकाबला

'आइची प्रीफेक्चरल मार्शल आर्ट्स हॉल' में हुए फाइनल में रोशिबिना को 0-2 से हार मिली। दोनों दो मिनट के राउंड में पांचों जज ने एकमत से चीनी खिलाड़ी के पक्ष में 5-0 का फैसला दिया। झांग ने पहले राउंड में दबदबा बनाया जिस पर पांचों जजों ने उन्हें क्रमश: 6-2, 6-3, 6-2, 6-2 और 8-2 से बढ़त दी। दूसरे और अंतिम राउंड में भी चीन की खिलाड़ी का प्रदर्शन बेहतर रहा। पांचों जजों ने उन्हें 10-2, 8-3, 7-3, 7-3 और 6-1 से विजेता माना।

## अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

'सांडा' के अन्य खिलाड़ियों में पुरुषों के 56 किग्रा वर्ग में आर्यन क्वार्टर फाइनल में हार गए, जबकि महिलाओं के 52 किग्रा वर्ग में अपर्णा को प्री-क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के 75 किग्रा वर्ग में विक्रांत बालियान अपने शुरुआती मुकाबले में ही हार गए। भारत के 'ताओलू' खिलाड़ी भी पदक दौर तक नहीं पहुंच सके। महिलाओं की 'नानक्वान और नानदाओ' स्पर्धाओं में लांगलेंतोम्बी देवी हंजाबाम ने कुल 18.839 अंक के साथ नौवां स्थान हासिल किया। नयेमान वांगसू ने महिलाओं की 'चांगक्वान' स्पर्धा में 9.573 अंक के साथ 15वां स्थान हासिल किया। पुरुषों की 'चांगक्वान' स्पर्धा के फाइनल में सूरज सिंह मायांगलामबाम कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 11वें स्थान पर रहे।



## अनंत और परिनाज को मिश्रित टीम स्कीट में मिला कांस्य पदक

नागोया। भारत के अनंत जीत सिंह नरुका और परिनाज धालीवाल ने बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों में मिश्रित टीम स्कीट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी फाइनल में 44 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने छह सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। पहली सीरीज के बाद उनका स्कोर सात था, जो बढ़कर 14, 21, 29, 36 और आखिर में 44 हो गया। अनंत जीत और परिनाज ने क्वालीफिकेशन दौर में कुल 138 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल करके फाइनल में जगह बनाई थी। इस कांस्य पदक के साथ एशियाई खेलों में भारत के निशानेबाजी पदक की संख्या आठ हो गई है। इसमें चार रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। इससे पहले बुधवार को भारत की पुरुष और महिला स्कीट निशानेबाजी टीमों ने आइची प्रांतीय निशानेबाजी गैलरी में दो कांस्य पदक जीते थे।

## खबर संक्षेप



### चीनी ताइपे को हराकर भारतीय पुरुष कबड्डी टीम सेमीफाइनल में

नागोया। गत चैंपियन भारत ने चीनी ताइपे को 37-21 से हराकर बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की पुरुष कबड्डी स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यह ग्रुप चरण में भारत की लगातार चौथी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने दक्षिण कोरिया, जापान और बांग्लादेश को हराया था। इस तरह भारत ने ग्रुप चरण में अपने सभी मुकाबले जीतकर कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया। भारत ने शुरुआत से ही मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी और हाफ टाइम तक 23-11 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में भी भारतीय टीम ने दबदबा बनाए रखा और इस दौरान 14-10 से आगे रही। भारत ने सफल रेड से 28 अंक, तीन बोनस अंक और ऑलआउट से छह अंक हासिल किए।

### पारितोष पूयो पूयो स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में




नागोया। भारत के पारितोष ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की पूयो पूयो चैंपियंस ईस्पोर्ट्स स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वह ग्रुप बी में दो जीत और दो हार के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पदार्पण कर रहे पारितोष ने अपने अभियान की शुरुआत मंगोलिया के मुंखजोरिग गनबोल्ड पर 3-0 की जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने सिंगापुर के कोह मुन जून जस्टिन को 3-2 से हराया। पूयो पूयो एक पहेली आधारित वीडियो गेम है। हालांकि पारितोष को चीनी ताइपे के जू आंग कुओ के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह थाईलैंड के तानारक वोंगकितिकुन से भी 2-3 से हार गए।

# सतनाम-सलमान की जोड़ी ने पुरुष युगल स्कल्स स्पर्धा में जीता कांस्य

एजेंसी ▸▸ नागोया

भारतीय रोवर सतनाम सिंह और सलमान खान ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुष युगल स्कल्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी 1,500 मीटर तक दूसरे स्थान पर रही लेकिन आखिरी 500 मीटर में वह तीसरे स्थान पर खिसक गई। दोनों ने 'नागरागावा इंटरनेशनल रेगाटा कोर्स' पर छह मिनट 13.25 सेकंड का समय लिया। चीन के यी शूडी और यीदे नी ने छह मिनट 09.37 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। उज्बेकिस्तान के पावेल सोरिन और मेखरोजबेक मामातकुलोव ने छह



मिनट 10.49 सेकंड में रेस पूरी कर रजत पदक हासिल किया। भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक विजेताओं से 3.88 सेकंड पीछे रही। सतनाम ने इससे पहले हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था।

### एक और पदक से चूका भारत

इससे पहले भारत रोइंग में एक और पदक से मामूली अंतर से चूक गया। बलराज पंवार पुरुष सिंगल स्कल्स के फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने छह मिनट 54.80 सेकंड का समय लिया। पंवार 500, 1,000 और 1,500 मीटर तक दूसरे स्थान पर बने हुए थे लेकिन अंतिम 500 मीटर में वह फिसलकर चौथे स्थान पर पहुंच गए। चीन के देंग झीवेई ने छह मिनट 38.98 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पंवार स्वर्ण पदक विजेता से 15.82 सेकंड पीछे रहे।

## टेबल टेनिस में भारतीय महिला जोड़ी अंतिम-16 में

नागोया। श्रीजा अकुला और सिंड्रेला दास तथा यशस्विनी घोरपड़े और दीया चिताले की भारतीय महिला युगल जोड़ियों ने बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा में अपने-अपने मुकाबले आसानी से जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। श्रीजा और सिंड्रेला ने दूसरे दौर के मुकाबले में मंगोलिया की बुरेनजारगल संजा और बोलोर-एरदेने बातमुंख को 3-0 से हराया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला 11-5, 11-4, 12-10 से अपने नाम किया। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआती दोनों गेम आसानी से जीत लिए, लेकिन तीसरे गेम में उन्हें कड़ी चुनौती मिली। उन्होंने हालांकि संयम बनाए रखा और 12-10 से गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। श्रीजा और सिंड्रेला का सामना अंतिम-16 के मुकाबले में चीन की कुआई मान और वांग मन्यु की मजबूत जोड़ी से होगा। वहीं प्री-क्वार्टर फाइनल में यशस्विनी और दीया का सामना चीन की फैन शुहान और चेन यी की जोड़ी से होगा।

# स्क्वॉश : अनाहत-तन्वी क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▸▸ नागोया

अनाहत सिंह, तन्वी खन्ना, अभय सिंह और वीर चोटरानी ने एशियाई खेलों की स्क्वॉश स्पर्धा के एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

जूनियर विश्व चैंपियन और पदक की दावेदार अनाहत ने महिला एकल में सिंगापुर की वाई इयिन औ येओंग को महज 19 मिनट में 3-0 (11-4, 11-5, 11-7) से हराकर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद तन्वी ने भी सिंगापुर की वाई यान औ येओंग को 39 मिनट में 3-1 (5-11, 11-4, 11-5, 13-11) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इन नतीजों के साथ महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में



अनाहत और तन्वी के बीच मुकाबला तय हो गया है। पिछले एशियाई खेलों के विपरीत इस बार स्क्वॉश की एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों का पदक पक्का नहीं होगा। कांस्य पदक के लिए सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों के बीच तीसरे-चौथे स्थान का मुकाबला खेला जाएगा।

### अभय और चोटरानी का मुकाबला इन खिलाड़ियों से

पुरुष एकल में अभय सिंह ने दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका के रविंदु लक्सिरी को 25 मिनट में 3-0 (11-5, 11-6, 11-0) से शिकस्त दी। क्वार्टर फाइनल में अभय का सामना मेजबान जापान के र्योउनोसुके से होगा। चोटरानी को मलेशिया के संजय जीवा के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक घंटे नौ मिनट चले रोमांचक मुकाबले में 3-2 (11-9, 8-11, 11-6, 15-17, 11-6) से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई।



## जोशना-वेलावन की जोड़ी स्क्वॉश मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में

नागोया। दिग्गज जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार ने बृहस्पतिवार को अंतिम-16 मुकाबले में हमवतन सूरज चंद और शमीना रियाज की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर एशियाई खेलों की मिश्रित युगल स्क्वॉश स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी जोशना-वेलावन की जोड़ी ने 11-7, 11-10 से जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी अब शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के डेविड पेलिनो और जेमिका अरिबाडो की जोड़ी से भिड़ेगी।

एशियाड हॉकी

# दिलप्रीत की हैट्रिक से भारत ने कोरिया को 8-2 से हराया



एजेंसी ▸▸ काकामिगाहारा

दिलप्रीत सिंह की हैट्रिक के दम पर भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया को 8-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली। पूल ए में शीर्ष पर काबिज भारत ने इससे पहले इंडोनेशिया को 13-1 और श्रीलंका को 16-1 से हराया था। अब भारत का सामना 26 सितंबर को जापान से होगा। भारत के लिये दिलप्रीत सिंह (10वां, 26वां और 32वां) ने तीन और फॉरवर्ड अभिषेक (15वां और 38वां मिनट) ने दो गोल किये जबकि शिलानंद लाकड़ा (चौथा), सुखजीत सिंह (दसवां), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (11वां) और राजिंदर सिंह (60वां) ने एक एक गोल दागा। कोरिया के लिये किम जाएहो (42वां) और किम योंगबोक (52वां) ने गोल किये।

### इससे पहले हराया इंडोनेशिया और श्रीलंका को

भारत ने एशियन गेम्स 2026 में अपने अभियान की शुरुआत इंडोनेशिया के खिलाफ की थी। भारतीय टीम ने उस मुकाबले में 13-1 की बड़ी जीत दर्ज की थी। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ भारत ने 16-1 से एकतरफा मुकाबला जीता। अब दक्षिण कोरिया को 8-2 से हराने के साथ भारत ने ग्रुप चरण में जीत की हैट्रिक पूरी कर ली है। तीन मैचों में भारतीय टीम ने कुल 37 गोल किए हैं, जबकि उसके खिलाफ सिर्फ चार गोल हुए हैं।

### पहले क्वार्टर में ही भारत ने बनाई मजबूत पकड़

भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक खेल के साथ की। चौथे मिनट में शिलानंद लाकड़ा ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट बाद सुखजीत सिंह ने गेंद को गोलपोस्ट तक पहुंचाकर स्कोर 2-0 कर दिया। भारतीय हमले लगातार जारी रहे और 11वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल दाग दिया। शुरुआती 11 मिनट में ही भारत 3-0 से आगे हो चुका था। दक्षिण कोरियाई टीम इस दबाव से उबर पाती, उससे पहले 14वें मिनट में अभिषेक ने भारत का चौथा गोल कर दिया। पहले क्वार्टर के अंत तक भारतीय टीम ने मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया था।

### दूसरे हाफ से पहले ही मैच भारत की मुट्ठी में

दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय खिलाड़ियों ने रफ्तार कम नहीं होने दी। 26वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने गोल कर भारत की बढ़त 5-0 कर दी। इसके कुछ ही मिनट बाद 32वें मिनट में दिलप्रीत ने एक और गोल दागते हुए अपना दूसरा गोल पूरा किया। भारत की आक्रामकता का सिलसिला यहीं नहीं रुका। 38वें मिनट में अभिषेक ने अपना दूसरा गोल किया और भारत को 7-0 की बड़ी बढ़त पर पहुंचा दिया। कोरिया ने दो गोल किए, लेकिन वापसी नहीं कर सका।

## भारत ए टीम ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 363 रनों का विशाल लक्ष्य

# कप्तान पडिक्कल और कुशाग्र का गरजा बल्ला

एजेंसी ▸▸ पुडुचेरी

कप्तान देवदत्त पडिक्कल के अर्धशतक और पहली पारी में शतक जड़ने वाले कुमार कुशाग्र के नाबाद 46 रन की मदद से भारत ए ने बृहस्पतिवार को यहां पहले चार दिवसीय मुकाबले के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए के सामने 363 रन का लक्ष्य रखा।

भारत ए की टीम एक समय दूसरी पारी में एक विकेट पर 93 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही थी लेकिन इसके बाद उसकी पारी 199 रन




पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके जिसमें साई सुदर्शन का महत्वपूर्ण विकेट भी शामिल था। बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन भारतीय टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। वह तीसरे स्थान की दौड़ में पडिक्कल से पिछड़ गए हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ए ने दो विकेट पर 55 रन बना लिए थे। उसे जीत के लिए अब 308 रन और चाहिए जबकि मैच बचाने के लिए उसे पूरे चौथे दिन बल्लेबाजी करनी होगी।

## इंडिया-ए के लिए कुशाग्र ने जड़ा था शतक

इंडिया ए ने पहली पारी में कुमार कुशाग्र की 113 रन की शतकीय पारी से 334 रन बनाए। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 171 पर ही ढेर कर दिया। भारत के लिए सबसे अधिक चार विकेट पहली पारी में स्पिनर शम्स मुलानी ने चटकाए थे। अब दूसरी पारी में बैटिंग करने उतरी इंडिया ए के कप्तान देवदत्त पडिक्कल ने पहली पारी में तीन रन ही बनाए, तो उसके बाद दूसरी पारी में मोर्चा संभालते हुए 88 गेंद में सात चौके से 59 रन की पारी खेली। उनके अलावा पहली पारी में शतक जमाने वाले कुमार कुशाग्र ने 59 गेंद में चार चौके और दो छक्के से 46 रन की नाबाद पारी खेली। इस तरह कुशाग्र दोनों पारियों में नाबाद रहे और ऑस्ट्रेलिया का कोई भी गेंदबाज उन्हें आउट नहीं कर सका। कुशाग्र और देवदत्त के अलावा 39 रन दूसरी पारी में साई सुदर्शन ने बनाए।

अब भाजपा ने बदला संगठन का ढांचा, नई जिम्मेदारियां तय कर दी

# सौदान सिंह को भी राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव बनाया, बिहार, झारखंड, ओडिशा बंगाल का जिम्मा और केंद्र भुवनेश्वर होगा, सतीश देखेंगे एससी-एसटी मोर्चा

## राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव से लेकर संगठनात्मक जिम्मेदारियों के लिए राज्य प्रभारी और सह-प्रभारी बनाए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने संगठन को मजबूत करने के लिए कई नेताओं को नई जिम्मेदारियां दी हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की। इनमें राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव से लेकर संगठनात्मक जिम्मेदारियों के लिए राज्य प्रभारी और सह-प्रभारी स्तर के पद शामिल किए हैं। नियुक्तियों के जरिए कई राज्यों में संगठन की जिम्मेदारियां अलग-अलग नेताओं को सौंपी गई हैं। इससे पहले कल भाजपा ने सभी प्रदेशों के प्रभारी और सह-प्रभारी की सूची जारी की थी। इस सूची में स्मृति ईरानी, सुनील बंसल और अमिल मालवीय का भी नाम था। इसमें सौदान सिंह और सतीश को अहम जिम्मेदारी दी है।


सौदान सिंह


वी सतीश

### अलग-अलग राज्यों के संगठन में भेजा

नई नियुक्तियों के जरिए अलग-अलग राज्यों के संगठन में जिम्मेदारियां तय की गई हैं। इनमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, असम, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान से जुड़ी जिम्मेदारियां शामिल हैं।

### शिवप्रकाश को भी मिली बड़ी जिम्मेदारी

शिवप्रकाश को राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) बनाया गया है। उन्हें आंध्र प्रदेश,



महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और गोवा की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि उनका केंद्र मुंबई होगा। सौदान सिंह को भी राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव की जिम्मेदारी दी है। उनके जिम्मे बिहार, झारखंड, ओडिशा और बंगाल होंगे केंद्र भुवनेश्वर रहेगा।

### महाराष्ट्र में जामवाल को दी कमान

महाराष्ट्र में अजय जामवाल को राज्य महासचिव (संगठन) बनाया है। सतीश धोंड को महाराष्ट्र के



साथ गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान से जुड़े जनजाति संपर्क की जिम्मेदारी दी है। मधुकर को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का राज्य महासचिव बनाया गया है। दशरथ तेलंगाना के राज्य संयुक्त महासचिव होंगे। रविंद्र राजू को असम, त्रिपुरा और कार्यालय निर्माण की जिम्मेदारी मिली है।

### बिहार, हिमाचल व अन्य राज्यों में भी नियुक्तियां

भिखूभाई दलसानिया को बिहार, पवन साई को झारखंड, सिद्धार्थन को हिमाचल, रत्नाकर को गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव,अरुण बिन्नाडी गुजरात के राज्य संयुक्त महासचिव (संगठन) होंगे। फणींद्रनाथ शर्मा को उत्तराखंड, पवन राणा को दिल्ली और हरियाणा, कर्मवीर को छत्तीसगढ़, चंद्रशेखर को मध्य प्रदेश और मानस मोहंती को ओडिशा की जिम्मेदारी दी गई है।

---

## खबर संक्षेप

### फिरोजपुर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में एक सरकारी कन्या स्कूल को गुरुवार को अज्ञात ईमेल के जरिए



बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने परिसर खाली कराया और तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि स्कूल की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक अज्ञात ईमेल अकाउंट से धमकी भरा मेल भेजा था।

### ठाणे में 2.84 लाख की नकली दवा संग 2 अरेस्ट

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने नकली दवाओं के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए



2.84 लाख मूल्य की विभिन्न दवाएं जब्त की हैं। इस मामले में 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है। दवा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 21 सितंबर को वागले एस्टेट इलाके में मुंबई निवासी एक व्यक्ति को पकड़ा।

### एससी-एसटी एक्ट में अजीत की जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने यूट्यूबर अजीत भारती को उनके खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के



तहत दर्ज किए गए मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस सौरभ बनर्जी ने यह फैसला सुनाया और उनकी जमानत को खारिज कर दिया। जस्टिस बनर्जी ने कहा कि पहली नजर में भारती के खिलाफ इस एक्ट में अपराध सिद्ध होता है।

### शॉर्ट सर्किट से पैसेंजर ट्रेन के डिब्बे में लगी आग

**कोडरमा।** कोडरमा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर गुरुवार को कोडरमा-हजारीबाग-



बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन की अंतिम बोगी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन संख्या 53373 कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर शाम 3:15 बजे कोडरमा स्टेशन से रवाना होने वाली थी। देर पहले यात्रियों नेअंतिम बोगी से धुआं निकलते देखा।

### यूपी: भाजपा विधायक छोटेलाल का निधन

**आगरा।** यहां के फतेहाबाद क्षेत्र से भाजपा विधायक छोटेलाल वर्मा की कुछ दिन से तबीयत खराब



थी। उन्हें आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उन्हें दिल्ली ले जा रहे थे, रास्ते में उन्होंने नोएडा के अस्पताल में दम तोड़ दिया। सांसद राजकुमार चाहर ने इस संबंध में बताया 2 दिन से बुखार से पीड़ित थे।

---

## कांग्रेस बनाम चुनाव आयोग: रार से बढ़ी और तकरार

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोला

# गोवा में मतदाताओं के नाम हटाने पर भड़के जयराम, सीईसी ज्ञानेश को घेरा

## कई पत्र देने के बावजूद नाम नहीं जोड़े गए, इस्तीफा दें सीईसी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि गोवा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने 'ईसीआई-नेट' सॉफ्टवेयर द्वारा हटाए गए वैध मतदाताओं के नाम वापस जोड़ने के लिए निर्वाचन आयोग को 7 दिन में 8 बार पत्र लिखा, लेकिन इसके बावजूद इन मतदाताओं के नाम नहीं जोड़े गए। खुलासे के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग की है। वहीं, शशि थरूर जैसे दिग्गज कांग्रेसी नेताओं ने भी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे विपक्ष का 'देशव्यापी दुष्प्रचार अभियान' करार दिया है।

भाजपा ने इसे 'देशव्यापी दुष्प्रचार अभियान' बताया



### नए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया को कठिन बनाया

जयराम ने कहा कि फॉर्म 6 के जरिए नए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया को भी कठिन बना दिया है और जेन-जी युवाओं को बाहर करने का निशाना बनाया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट से साबित हो रहा है कि राहुल गांधी पिछले दो साल से हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद से जो कह रहे थे, वह सच था। सीईसी पर निशाना साधते हुए रमेश ने कहा- यह ज्ञानेश द्वारा 'मेथड ऑफ डिसएनफ्रैंचाइजिंग इंडियंस' (एमओडीआई) को लागू करना है।

### जयराम का हमला

जयराम ने 'एक्स' पर लिखा कि गोवा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) ने पुष्टि की थी कि हटाए गए लोग वैध मतदाता थे। इसके बावजूद गोवा सीईओ के 8 ईमेल को नजरअंदाज कर दिया गया और मतदाताओं को सूची से बाहर रखा गया। रमेश ने आरोप लगाया कि पूरी एसआईआर प्रक्रिया को ईसीआई-नेट सॉफ्टवेयर के हवाले कर दिया गया है। तीसरे चरण में दिल्ली के 54 प्रतिशत और सभी राज्यों में करीब 12 करोड़ मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं या आपत्ति दर्ज कर दी गई है।

### राष्ट्रीय प्रवक्ता केसवन ने कहा

#### राहुल हार का ठीकरा ईसी पर फोड़ रहे तानाशाही कर रहे

**चेन्नई।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे अपनी



पार्टी की चुनावी हार का ठीकरा निर्वाचन आयोग और एसआईआर प्रक्रिया पर फोड़ने के लिए 'तिनके का सहारा' ले रहे हैं। केसवन ने दावा किया कि गांधी निर्वाचन आयोग पर हमला इसलिए कर रहे हैं ताकि लगातार हार के लिए अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी से बच सकें। असल में हार के लिए राहुल ही जिम्मेदार हैं। आयोग के भीतर कथित मतभेद पर गांधी की टिप्पणी को लेकर निशाना साधते हुए केसवन ने कहा कि जो लोग पार्टी को 'तानाशाह' की तरह चलाते हैं, वे लोकतांत्रिक संस्थाओं में विचारों की अवधारणा को नहीं समझ सकते।

### थरूर ने भी उठाए सवाल

#### संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इसे नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि चुनाव आयोग को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक छल नहीं है।

### प्रियंका गांधी बोलीं

#### अनुचित चुनाव कराने पर ज्ञानेश पर केस दर्ज हो



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कथित तौर पर करीब 13 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाकर 'अनुचित चुनाव' कराने की अनुमति देने के आरोप में देशद्रोह चलाने की मांग की है।

### भाजपा का पलटवार, बोले

#### प्लांट खबरों पर दुष्प्रचार 'गिल' 10 साल तक यूपीए में मंत्री रहे



झारखंड भाजपा के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने इसे बदनाम करने की साजिश बताया। आयोग का असली राजनीतिकरण तब हुआ था जब पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एमएस गिल यूपीए सरकार में 10 साल तक केंद्रीय मंत्री रहे थे।

---

## तेलंगाना एसबी की कार्रवाई

# रेड में मिला नोटों का बंडल, 8 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी



एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सस्पेंड किए गए डीएसपी संकीरेड्डी भीम रेड्डी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच तेज कर दी है। जांचकर्ताओं ने ऐसे कई लोगों की पहचान की है, जिनके पास कथित तौर पर इस अधिकारी से जुड़ी संपत्तियां होने का शक है। एसीबी ने 8 संदिग्ध बेनामीदारों की पहचान की है और उनके ठिकानों पर रेड मारी। एसीबी की टीमें हैदराबाद के पुप्पलागुड़ा और अन्य इलाकों में तलाशी ले रही हैं। तलाशी गंगासानी श्रीधर की देखरेख में हो रही है। छापेमारी में बड़े पैमाने पर कैश नजर आ रहा है। एसीबी संदिग्ध बेनामी संपत्तियों के मालिकाना हक और मनी ट्रेल का पता लगाया जा सके।

### निम्स अधिकारी के पास अकूत दौलत मिली

कुछ दिन पहले एसीबी ने निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (निम्स) के एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट नोरी लक्ष्मी भास्कर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया। एसीबीने उनके आवास समेत 8 ठिकानों पर छापेमारी की। एजेंसी को जांच के दौरान कई फ्लैट, खाली प्लॉट, लग्जरी कारें, सोने के गहने और करोड़ों रुपये के फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट की जानकारी मिली थी। डॉक्टर-एडमिनिस्ट्रेटर पर आरोप है कि उन्होंने अपनी नौकरी के दौरान भ्रष्टाचार और गलत तरीकों से अकूत संपत्ति अर्जित की है, जिसका उनके पास स्रोत नहीं है।

## चेन्नई में सीसीबी की छापेमारी

### ग्रेनाइट कारोबारी, अन्य की तलाशी, दस्तावेज जब्त

**चेन्नई।** केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने नाबालिग के यौन शोषण के मामले में प्रमुख ग्रेनाइट कारोबारी आर. वीरमणि और उसके सहयोगियों से



जुड़े 5 ठिकानों पर तलाशी ली तथा इस दौरान मोबाइल फोन और डिजिटल दस्तावेज जब्त किए। एक अज्ञात व्यक्ति ने एक 'पेनड्राइव' सौंपी थी, जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न किए जाने का वीडियो था। यह घटना वीरमणि की सहयोगी शांति के आवास पर हुई थी। वीरमणि और उसके सहयोगियों शांति तथा महेंद्र सिम्हन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

---

## कोलकाता को दी बड़ी सौगात

# अडाणी, सुवेंदु ने 2,000 बेड वाले अस्पताल की नींव रखी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कोलकाता के पास न्यू टाउन क्षेत्र में बनने वाले 2,000 बिस्तरों वाले अस्पताल की आधारशिला रखी। अस्पताल का निर्माण अडाणी समूह करेगा। गौतम ने अपनी पत्नी और अदाणी फाउंडेशन की प्रमुख प्रीति अडाणी, बेटे एवं अडाणी पोर्ट्स के प्रबंध निदेशक करण अदाणी तथा मुख्यमंत्री के साथ 'अडाणी आरोग्य मंदिर' के लिए भूमि पूजन किया।



दोनों ने चिकित्सा सुविधा की पट्टिका का अनावरण किया। अस्पताल का निर्माण न्यू टाउन के एक्शन एरिया-2 में 51 एकड़ जमीन पर किया जा रहा है। सुवेंदु ने घोषणा की थी कि अस्पताल के आधे बिस्तर गरीब मरीजों के लिए आरक्षित होंगे। गौतम ने कालीघाट में पूजा-अर्चना की।

## तमिलनाडु में फोरम का फैसला

# यात्री का टिकट चबाया, उतारा ट्रांसपोर्ट अधिकारी दें 60 हजार

एजेंसी ⏭ पेरंबलूर

तमिलनाडु के पेरंबलूर जिला उपभोक्ता आयोग ने तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम के अधिकारियों को एक यात्री को 50 हजार का मुआवजा और 10 हजार का खर्च देने का आदेश दिया है। यात्री ने आरोप लगाया था कि टिकट खराब हो जाने के बाद उसे बस से उतरने के लिए मजबूर किया था। आयोग ने पाया कि उसकी शिकायत की ठीक से जांच न करना सेवा में कमी थी। आयोग के आदेश के अनुसार यात्री 23 मार्च, 2026 को



अपने बेटे के लिए दवाई खरीदने वेल्लोर गया था और बाद में पेरंबलूर जाने वाली बस में सवार था। यात्री ने आरोप लगाया कि उसने टिकट के लिए 500 रुपए दिए थे लेकिन उसे 200 रुपए का टिकट दिया गया और कंडक्टर ने वादा किया कि लोकेशन पर पहुंचने पर बाकी 300 रुपए लौटा देगा, लेकिन नहीं दिया।

## महाराष्ट्र में पालघर की अदालत का फैसला

पॉक्सो में दोषी पाया

# नाबालिग लड़के का यौन उत्पीड़न करने के दोषी को 20 साल की सजा

एजेंसी ⏭ पालघर

महाराष्ट्र में पालघर की एक अदालत ने नाबालिग लड़के का यौन उत्पीड़न करने के मामले में एक व्यक्ति को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने भीड़भाड़ वाले इलाके में ऐसी घटना होने की संभावना न होने के बचाव पक्ष के दावे को खारिज करते हुए कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों की उदासीनता पीड़ित की गवाही को कमजोर नहीं कर सकती। विशेष न्यायाधीश एएच काशिकर नेपालघर जिले के वसई निवासी मजदूर मधु धर्मा गोवारी को भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो के तहत दोषी ठहराया।

### नाबालिग के यौन उत्पीड़न में 2 को दोहरी उम्रकैद

**थेनी।** तमिलनाडु में थेनी की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने 13-वर्षीय लड़की को धमकाने, उसकी अश्लील तस्वीरें खींचने और



उसका यौन उत्पीड़न करने के मामले में 2 लोगों को दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई है। यौन उत्पीड़न के अपराध के कारण लड़की गर्भवती हो गई थी। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की विशेष अदालत के न्यायाधीश एझिल ने उथमापालयम तालुक के एक गांव के रहने वाले दोनों आरोपियों- राजा पेरुमल और अय्यासामी को इस अपराध का दोषी पाया और प्रत्येक पर 20,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न चुकाने पर उन्हें 3 महीने की अतिरिक्त जेल भोगनी होगी।

---

## 'सेवा तीर्थ' में मंत्रियों को पीएम मोदी ने दिए सुझाव

# प्रधानमंत्री ने लिया कामकाज का ब्योरा, सुधार पर चर्चा की

## 2 दिन तक चला चिंतन शिविर, फेरबदल की भी अटकलें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली स्थित सेवा तीर्थ कॉम्पलेक्स में केंद्र सरकार का चिंतन शिविर चला, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की। इसमें उन्होंने अपने कैबिनेट मंत्रियों के कामकाज की रिपोर्ट ली और हर मंत्रालय के काम की प्रेजेंटेशन देखी। पहले दिन शिविर में 'विकसित भारत 2047' का विजन पेश किया गया। शासन व्यवस्था में सुधार करने के तरीकों और सरकारी योजनाओं को जनता तक बेहतरीन तरीके से पहुंचाने के तरीकों पर चर्चा की। सियासी गलियारों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि चिंतन शिविर में अपने मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा करके प्रधानमंत्री मोदी कैबिनेट में फेरबदल कर सकते हैं।

### वर्क रिव्यू रिपोर्ट कैबिनेट फेरबदल में अहम होगी



चिंतन शिविर में मंत्रियों के कामकाज का रिव्यू करके ग्रेडिंग दी गई, जिसकी 4 कैटेगरी हैं। जिसे एक्सीलेंट और गुड ग्रेडिंग मिली, वे मंत्री ग्रीन जोन में रहेंगे और उनकी कुर्सी को खतरा नहीं है। जिन्हें एवरेज और पुअर ग्रेडिंग मिलेगी, वे मंत्री रेड जोन में आएंगे और उनकी कुर्सी को खतरा होगा। रिपोर्ट कार्ड और ग्रेडिंग ही फेरबदल का आधार बनेगी।

मंत्रियो से सवाल-जवाब भी किए

चिंतन शिविर करीब 4 घंटे तक चला, जिसमें सबसे पहले कैबिनेट मंत्रियों को अलग-अलग ग्रुपों में बांटा गया। फिर प्रधानमंत्री मोदी ने खुद हर ग्रुप के पास जाकर व्यक्तिगत संवाद किया और उनके कामकाज का ब्योरा लिया। मंत्रियों से पूछा गया कि शासन व्यवस्था को जनता के लिए सरल कैसे बनाएंगे?

### चल रही 'विकसित भारत 2047' की तैयारी

'विकसित भारत 2047' की प्रक्रिया 2021 से चल रही है। तब सचिवों के 10 समूह बनाए गए थे ताकि दीर्घकालिक विजन और अल्पकालिक व दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया जा सके। इसके लिए हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श किया गया था। मंत्रिपरिषद के सामने इस विजन के विभिन्न पहलुओं पर पहले ही 8 प्रेजेंटेशन और चर्चाएं हो चुकी हैं।

## उत्तराखंड -कश्मीर तक बदला मौसम

# कहीं पहली बर्फबारी, तो कहीं बहुत भारी बारिश का 'अलर्ट'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मानसून के बाद पहाड़ों में ठंड बढ़ने के साथ ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम में बदलाव दिखने लगा है। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश तक मौसम ने करवट बदली है। हिमाचल प्रदेश में सितंबर के आखिरी दिनों में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है, यहां 26 सितंबर को बारिश और आंधी की चेतावनी है। उधर, उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बुधवार शाम बर्फबारी शुरू हुई। साथ ही जम्मू-कश्मीर में 27 से 29 सितंबर तक बारिश की संभावना है,



जिससे धान की कटाई प्रभावित हो सकती है। वीरवार को जम्मू में तेज बारिश और किश्तवाड़ में बर्फबारी भी हुई। जम्मू-कश्मीर में 27 से 29 सितंबर तक बारिश होने की संभावना है। इससे जम्मू-कश्मीर में धान की कटाई प्रभावित हो सकती है। गुरुवार को सुबह जम्मू शहर में दो घंटे तेज बारिश हुई। पुंछ, राजोरी में दोपहर को भी बारिश होती रही।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in